फाल्गुन शुक्ल पक्ष चतुर्थी संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 247 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
03 मार्च 2025 सोमवार

आज का मौसम
29 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

आरटीई व पोक्सो पर वर्कशॉप, आज निवेश प्रस्तावों की समीक्षा कर रहे मुख्यमंत्री

## जीरो टॉलरेंस का असर, सीएम बोले मप्र में तुलनात्मक रूप से कम हुए अपराध

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज यहां कहा कि जब से उनकी सरकार बनी है, तब से मप्र में तुलनात्मक रूप से वर्ष 23 के मुकाबले वर्ष 2024 में अपराधों में कमी आई है, यह सरकार की जीरो टालरेंस नीति का भी परिणाम है। उन्होंने यह बात शिक्षा का अधिकार अधिनियम, पोक्सो एक्ट और किशोर न्याय अधिनियम के संबंध में जागरूकता पर राज्य स्तरीय कार्यशाला की शुरूआत के मौके पर कही। कार्यशाला का आयोजन मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेज व प्रभावी जांच के चलते 48 लोगों को मृत्युदंड भी मिला है। उन्होंने बालिकाओं के सुरक्षित रहने व सशक्तिकरण पर जोर दिया और कहा कि कार्यशाला की जो अनुशंसा होंगी उसे सरकार मानेगी व लागू करेगी।

इधर, राजधानी के बड़े तालाब स्थित वाटर स्पोर्ट्स अकादमी में आज से नेशनल रोइंग चैंपियनशिप का आयोजन कर रही है। इसमें 25 राज्यों से 500 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चैंपियनशिप का शुभारंभ आज शाम 4 बजे मुख्यमंत्री. मोहन यादव करेंगे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश वाटर स्पोर्ट्स अकादमी के खिलाड़ी रोइंग, कयाकिंग-केनोइंग, सेलिंग और स्लालम खेलों की विशेष प्रस्तुति देंगे, जिससे खेल प्रेमियों को जल क्रीड़ा का रोमांचक नजारा देखने को मिलेगा।



राजधानी के नजदीक कुबेरेश्वर धाम में सात दिवसीय रुद्राक्ष महोत्सव का आज समापन दिवस है। इसमें शामिल होने के लिए सीएम डॉ. मोहन यादव भी यहां पहुंचे। यह महोत्सव 25 फरवरी से शुरु हुआ है। रुद्राक्ष महोत्सव के दौरान बीते 6 दिन में करीब 30 लाख लोग कुबेरेश्वर धाम आ चुके हैं। बताया जाता है कि यहां शिवपुराण कथा के साथ एक करोड़ रुद्राक्ष अभिमंत्रित किए गए हैं। धाम की विठलेश सेवा समिति के मुताबिक, धाम में रोजाना करीब 10 लाख लोग कथा सुनने आते रहे। समिति ने कहा है कि अब यहां हर दिन एक कन्या का निशुल्क विवाह कराया जाएगा। इधर, कुबेरेश्वर धाम में तीन दिन में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। आज सुबह अचेत हालत में मिलने पर एक महिला को जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने उसकी मौत की पुष्टि की। वह गुजरात से आई थी। इससे पहले जबलपुर के गोलू कोष्टा की मौत हुई थी। जबकि धाम में कानपुर से आए विजेंद्र ने दो दिन पहले दम तोड़ दिया था।



कुबेरेश्वर धाम सीहोर में आयोजित रुद्राक्ष महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

## कांग्रेस नेता की हत्या के मामले में बायफ्रेंड गिरफ्तार

**रोहतक, एजेंसी**

हरियाणा की कांग्रेस नेता हिमानी नरवाल की नृशंस हत्या करके शव को सूटकेस में फेंकने की घटना में कई खुलासे हो रहे हैं। पुलिस ने आरोपी सचिन को गिरफ्तार किया है जो बहादुरगढ़ का रहने वाला है। उसने कई बड़े खुलासे किए हैं। मीडिया रिपोर्टं के मुताबिक आरोपी ने कबूल किया है कि हिमानी की हत्या उसके घर पर की गई थी। हत्या के बाद वह शव को सूटकेस में डालकर ले गया था। वह हिमानी के साथ काफी समय से रिलेशनशिप में था। उसने खुद को हिमानी का ब्वॉयफ्रेंड भी बताया है तथा दावा किया है कि हिमानी द्वारा उसे ब्लैकमेल किया जा रहा था। ऐसे में वह हिमानी को काफी पैसे भी दे चुका था। इसके अलावा उसने हिमानी पर बार-बार और अधिक पैसे की डिमांड का आरोप लगाया है. जांच टीम आज हत्याकांड से जुड़े कई और बड़े खुलासे कर सकती है। इससे पहले हिमानी की मां सविता ने दावा किया था कि 28 फरवरी को कांठवाड़ी में भूपेंद्र सिंह हुड्डा के प्रोग्राम में हिमानी को शामिल होना था। इसके बाद बेटी लापता हो गई और 1 मार्च को उसका शव सांपला के पास सूटकेस में मिला।



## फिर हिमस्खलन की चेतावनी

**देहरादून, एजेंसी**

बिगडे मौसम की मार झेल रहे उत्तराखंड में सोमवार और मंगलवार को एवलांच (बर्फ का पहाड़ दरकना) की चेतावानी जारी की गई है। औली, हर्षिल, चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, बागेश्वर और पिथौरागढ़ में अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों के 2 हजार मीटर या उससे ज्यादा ऊंचाई वाले क्षेत्रों में एवलांच के अलावा, बिजली गिरने की भी चेतावनी है। हिमाचल प्रदेश में 26 फरवरी से बर्फबारी हो रही है। लाहौल स्पीति के ग्यू में भी रविवार को एवलांच आया था। अब फिर से एवलांच का अलर्ट है। प्रदेश के 365 सड़कें और तीन



नेशनल हाईवे बंद हैं। जम्मू-कश्मीर में भी बारिश-बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट है। इधर मैदानी छत्तीसगढ़ में दिन का पारा 37 के पार जा रहा है मध्यप्रदेश में मार्च में पहली बार दिन-रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट हो सकती है। यूपी में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव है तो राजस्थान में आज कुछ क्षेत्रों में बरसात का अलर्ट है।

## सीएस के बैचमेट सुलेमान ने रिटायरमेंट के 5 महीने पहले 'इसलिए' छोड़ी नौकरी!

**भोपाल, एजेंसी**

मुख्य सचिव अनुराग जैन के बैचमेट अपर मुख्य सचिव (एसीएस) मोहम्मद सुलेमान ने रिटायरमेंट के 5 महीने पहले नौकरी छोड़ दी है। आगामी बारह मार्च उनका आखिरी कार्यदिवस होगा। तब तक वह सेवाएं देते रहेंगे। सुलेमान के फैसले की नौकरशाही में चर्चा हैं। आज मंत्रालय के गलियारों और अफसरों के कक्ष में यही चर्चा चल रही हैं कि इसकी 'असल वजह' क्या है। माना जा रहा है कि सुलेमान अब केंद्र सरकार के एक बड़े उपक्रम में बड़ी भूमिका निभाने जा सकते हैं और संभवतः उस बड़ी भूमिका के लिए उनका चयन अंतिम चरण में है। सुलेमान ने नौकरी छोड़ने के पहले ही उत्तराखंड की एक यूनिवर्सिटी से पीएचडी शुरू कर दी है, यह भी एक कारण माना जा रहा है, हालांकि इसे नौकरी छोडने की वजह नहीं माना जा रहा। एसीएस सुलेमान 1989 बैच के आइएएस है। इसी बैच के सीएस अनुराग जैन भी है। सुलेमान जुलाई 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले थे। सितंबर 2024 में मुख्य सचिव के लिए भी उनका नाम लिया जा रहा था। इसके अलावा सुलेमान लंबे समय तक स्वास्थ्य विभाग में एसीएस रहे थे तब से लेकर अब तक उनके खिलाफ कई तरह की शिकायत भी चलीं। वे अभी कृषि उत्पादन आयुक्त और कर्मचारी चयन मंडल के अध्यक्ष भी हैं। बताया जाता है कि सुलेमान ने अन्य विकल्पों पर काम भी शुरू कर दिया था। उन्होंने मप्र विद्युत नियामक आयोग में चेयरमैन के लिए आवेदन किया था। वे हाल में ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में भी काफी सक्रिय भूमिका में दिखाई देते रहे हैं। पिछले मुखयमंत्री शिवराज सिंह के कार्यकाल में भी सुलेमान ताकतवर अफसर के तौर पर देखे जाते थे। ऐसे में महज चार महीने पहले नौकरी छोडने की वजहों को लेकर स्वाभाविक तौर पर कई उत्कंठा पैदा हो गई हैं।



## शेयर बाजार शुरुआती धूम के बाद धड़ाम

**मुंबई, एजेंसी।** आज कारोबारी सप्ताह के पहले ही दिन बाजार ने दो रंग थोडे ही अंतराल में देख लिये। आज शेयर बाजार की शुरूआत में लगा कि लंबे समय से जारी गिरावट पर सप्ताह के पहले कारोबारी दिन ब्रेक लगेगा। लेकिन ये खुशी कुछ देर ही कायम रही। दरअसल बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 400 अंक से ज्यादा उछल गया और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 100 अंक से ज्यादा चढ़ गया फिर आधे घंटे के कारोबार के बाद ही बाजी पलटी नजर आई और सेंसेक्स 300 अंक से ज्यादा टूटकर ट्रेड करने लगा। हालांकि, शुरुआती कारोबार में ही महिंद्रा एंड महिंद्रा से लेकर जोमेटो में तेजी देखने को मिली थी। गौरतलब है कि शेयर मार्केट में सोमवार को कारोबार की शुरुआत ग्रीन जोन में हुई और खुलने के साथ ही सेंसेक्स-निफ्टी दोनों इंडेक्स दौड़ लगाते हुए नजर आए थे। सेंसेक्स अपने पिछले बंद 73,198.10 की तुलना में उछलकर 73,427.65 के लेवल पर ओपन हुआ और कुछ ही मिनटों में 400 अंक से ज्यादा की छलांग लगाते हुए 73,649 के लेवल पर जा पहुंचा। कुछ ऐसी ही चाल निफ्टी-50 की भी नजर आई थी।

## 50 करोड़ लोग महज तीस करोड़ अमेरिकियों से गुहार लगा रहे

**पोलैंड, एजेंसी**

यूक्रेन के पड़ोसी पोलैंड ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर अब बड़ा बयान दिया है। पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने कहा है कि यह एक विरोधाभास है कि 50 करोड़ यूरोप की जनता 30 करोड़ अमेरिकियों से गुहार लगा रही है कि वे 14 करोड़ रशियन से उनकी रक्षा करें। उन्होंने यूक्रेन युद्ध पर वाशिंगटन की स्थिति को एक 'दुविधा' बताया और कहा, हमें इस दुविधा से उबरने की जरूरत है। गौरतलब है कि व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्टपति ट्रंप और यूक्रेन के राष्टपति जेलेंस्की के बीच हुई चर्चित मुलाकात के बाद भी प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने यूक्रेन के समर्थन में बयान दिया था। तब उन्होंने ट्वीट कर कहा था, प्रिय जेलेंस्की व यूक्रेनी मित्रों, आप अकेले नहीं हैं। राष्टपति ट्रंप, उनके डिप्टी जेडी वांस और यूक्रेन के राष्टपति ज़ेलेंस्की के बीच की 45 मिनट की ये मीटिंग कूटनीतिक मर्यादाओं से बाहर निकल गई थी। इस दौरान ट्रंप और जेडी की यूक्रेन के राष्टपति जेलेंस्की के साथ काफी बहस हुई थी। ये बहस इतनी कटुतापूर्ण हो गई थी कि ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेनी

### पोलेंड का नया पैंतरा, यूक्रेन के नए दोस्त उभरे

राष्टपति को व्हाइट हाउस से बाहर जाने को कह दिया था। यूक्रेनी राष्टाध्यक्ष के सम्मान में आयोजित डिनर को भी रद्द कर दिया था। टस्क ने कहा, ÷यह एक विरोधाभास है कि 500 मिलियन यूरोपीय 300 मिलियन अमेरिकियों से 140 मिलियन रूसियों से उनकी रक्षा करने के लिए कहते हैं। पॉलिश प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि यूरोप वर्तमान में ÷कल्पना और साहस की कमी÷ से ग्रस्त है। यूक्रेन के साथ यूरोपीय देशों की सेना में 2.6 मिलियन सैनिक हैं, जबकि अमेरिका के पास 1.3 मिलियन, चीन के पास 2 मिलियन और रूस के पास 1.1 मिलियन सैनिक है। यानि यूरोप को सभी पर बढ़त हासिल है।



## ऑस्कर में अनोरा का डंका बजा प्रियंका की अनुजा बाहर हुई

**न्यूयार्क, एजेंसी**

दुनियाभर में प्रतिष्ठित ऑस्कर अवॉर्ड में इस बार बेस्ट एक्टर, बेस्ट एक्ट्रेस से लेकर बेस्ट डायरेक्टर और फिल्मों के अवॉर्ड्स का अनाउंसमेंट किया गया, जो कि बेहद चौंकाने वाला रहा। इस बार 'अनोरा' का डंका बजा। 23 कैटगरी में ये अवॉर्ड दिये गये। 2024 में जहां 'ओपेनहाइमर' का दबदबा रहा था। वहीं, इस बार 'एमिलिया पेरेज' पर सभी की नजरें अटकी हुई थीं, जिसे 13 नॉमिनेशन्स मिले थे। मगर झोली में उसके सिर्फ 2 ही अवॉर्ड आए। क्योंकि पांच ट्रॉफी जीतकर बाजी 'अनोरा' ने मार ली। वहीं, 10 नॉमिनेशन वाली 'द ब्रूटलिस्ट' को 3 और 10 नॉमिनेशन वाली 'विकेड' को भी 2 अवॉर्ड्स मिले हैं। इनके अलावा, प्रियंका चोपड़ा की 'अनुजा' को लाइव एक्शन शॉर्ट मूवी कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था जो आखिर में बाहर हो गई। इस बार फिल्मों के सबसे बड़े अवॉर्ड शो को फेमस कॉमेडियन और पॉडकास्ट कॉनन ओब्रायन होस्ट किया। इस बार द ब्रूटलिस्ट के लिए एड्रिअन ब्रॉडी ने बेस्ट एक्टर और फिल्म अनोरा के लिए मिकी मेडिसन ने बेस्ट एक्ट्रेस का ऑस्कर जीता। इस साल सबसे ज्यादा 5 अवॉर्ड फिल्म अनोरा ने बेस्ट पिक्चर, बेस्ट डायरेक्शन, बेस्ट स्क्रीनप्ले, बेस्ट एडिटिंग, बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी में जीते। वहीं दूसरे नंबर पर फिल्म द ब्रूटलिस्ट को 3 अवॉर्ड मिले हैं।

### एड्रिअन ब्रॉडी व मिकी मेडिसन सर्वश्रेष्ठ करार

**मेट्रो एंकर**

कांग्रेस ने लगाई फटकार, भाजपा हुई हमलावर, ट्वीट को बताया बॉडी शेमिंग

## रोहित पर बयान को लेकर पार्टी ने हिट किया शमा को

**नईदिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद का भारतीय क्रिकेटर रोहित शर्मा पर विवादित बयान सुर्खियों में है, रोहित की बॉडी शेमिंग के बाद भाजपा इसे लेकर कांग्रेस पर हमलावर है। ऐसे में शमा मोहम्मद ने अपना ट्वीट डिलीट कर दिया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. शमा ने क्रिकेट के एक दिग्गज खिलाड़ी को लेकर जो कुछ बयान दिया था, वह पार्टी रुख से मेल नहीं खाता। उनसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से उस ट्वीट को डिलीट करने को कहा गया और भविष्य में सतर्क रहने की सलाह दी है। खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी खेल जगत के खिलाड़ियों के योगदान को बहुत महत्व देती है और ऐसी किसी बयानबाजी का समर्थन नहीं करती। वहं अब शमा मोहम्मद ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि वह खिलाड़ी की फिटनेस को लेकर जेनरिक ट्वीट था, वह बॉडी शेमिंग नहीं थी। मेरा मानना है कि खिलाड़ी को फिट होना चाहिए मुझे लगा कि उनका वजन थोड़ा ज्यादा है इसलिए मैंने ट्वीट किया लेकिन बिना किसी कारण के इसे तूल दिया गया। जब मैं दूसरे कप्तानों से रोहित शर्मा की तुलना करूं तो मैं ऐसा कहूंगी।

दूसरी तरफ बीजेपी ने कांग्रेस को इस पर जमकर घेरा है। प्रदीप भंडारी ने इस मामले पर कहा कि कांग्रेस पार्टी यह संदेश देना चाहती है कि हर देशभक्त जो देश के लिए अच्छा करता है, उसका कांग्रेस विरोध करेगी। इन्हें दिक्कत है कि भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने देश के लिए अच्छा किया है और न्यूजीलैंड टीम को हराया। यह भी साफ हो रहा है कि जो लोग देश के खिलाफ बोलेंगे उनका कांग्रेस समर्थन करेगी। इससे पहले बीजेपी नेता राधिका खेड़ा ने कांग्रेस प्रवक्ता पर जमकर हमला बोला था। उन्होंने सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी और जयराम रमेश को भी टैग करते हुए तंज कसा व कहा था कि कांग्रेस प्रवक्ता ने रोहित शर्मा की बॉडी शेमिंग की, जो सरासर दुस्साहस है। यह वही कांग्रेस है, जिसने दशकों तक एथलीट्स को अपमानित किया, उन्हें पहचान नहीं दी और अब एक क्रिकेट दिग्गज का मजाक उड़ाने की हिम्मत कर रही है? भाई-भतीजावाद पर पलने वाली पार्टी एक सेल्फ-मेड चैंपियन को उपदेश दे रही है?

दरअसल, कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, ÷रोहित एक खिलाड़ी के तौर पर मोटे हैं. वजन कम करने की जरूरत है. और हां, भारत का अब तक का सबसे निराशाजनक कप्तान।



# गर्मी असर दिखाने लगी



भोपाल। मार्च की शुरुआत के साथ ही प्रदेश के कई हिस्सों में गर्मी असर दिखाने लगी है। मौसम विभाग ने मार्च में ही हीट वेव के साथ तेज गर्मी के आसार लगाए हैं। इस तेज धूप में भी लोग झील की ठंडी लहरों पर सुकून ढूंढ रहे हैं।

### 3 महीने पहले हुआ था मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण

# 25 लाख के भवन में अब तक नहीं हुआ पानी-बिजली का कनेक्शन

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

संजीवनी क्लीनिक में सामान्य जांच से लेकर डे-क्लीनिक की सारी व्यवस्थाएं उपलब्ध रहती है। स्त्री रोग, शिशु रोग, डायबिटीज संबंधी कई जांचे प्रारंभिक तौर पर मिल जाती है। उपनगर में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने के लिए प्रशासन द्वारा कोलार क्षेत्र के वार्ड 84 में आने वाले बैरागढ़ चीचली में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक का लोकार्पण करीब तीन महीने पहले हुआ था, लेकिन अब तक इस नए भवन में न तो बिजली कनेक्शन हुआ है और न ही पानी की कोई व्यवस्था है। ऐसे में अब भी यहां के पुराने और जर्जर भवन में क्लीनिक चल रही है। जबकि, इसके लिए शासन की ओर से करीब 25 लाख रुपए खर्च किए गए हैं।
कोलार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लोड ज्यादा होने के कारण बैरागढ़ चीचली वार्ड 84 में करीब चार साल पहले संजीवनी क्लीनिक शुरू हुई थी। कोलार की करीब डेढ़ लाख आबादी को इस मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक बनने से काफी सुविधा मिल रही है। उन्हें इलाज के लिए करीब तीन से पांच किलोमीटर दूर कोलार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाने से राहत मिलती है। ऐसे में नया भवन में क्लीनिक शिफ्ट होने से जनता को राहत मिलेगी। इसके शुरू होने से कोलार रोड की करीब डेढ़ लाख आबादी को बेहतर और बड़ी जगह में सुव्यवस्थित इलाज की सुविधा मिलने लगेगी, लेकिन यह काम अब भी पेडिंग है। कोलार का बैरागढ़ चीचली इलाका बीते 10-12 सालों में डेवलप हुआ है। यहां पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की बहुत जरूरत है।
बैरागढ़ चीचली क्षेत्र में बने नए भवन में संजीवनी क्लीनिक को जल्द ही शिफ्ट होना चाहिए। बताया जा रहा है कि लोकल स्तर पर विभाग के पास ही सभी कनेक्शन की जिम्मेदारी है, इसके लिए केंद्रों को फंड भी दे दिया गया है। उन्हीं को आगे की प्रोसेस करना है, लेकिन इसमें भी लेटलतीफी की जा रही है।




### ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काफी कमी थी

कुछ साल पहले कोलार रोड के बैरागढ़ चीचली इलाके सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में शासकीय स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काफी कमी थी। ऐसे में संजीवनी क्लीनिक बनने से रहवासियों को तत्काल छोटी-मोटी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए बहुत लाभ मिला। बैरागढ़ चीचली में संजीवनी क्लीनिक बनाने के संबंध में करीब ढाई साल पहले रहवासियों ने स्थानीय पार्षद के माध्यम से विधायक रामेश्वर शर्मा से मांग की थी। उनकी अनुशंसा के आधार पर शासन ने क्लीनिक के लिए दोनों जगह करीब 25 लाख रुपए की राशि स्वीकृत कराई गई थी। संजीवनी क्लीनिक बनने के बाद लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मिलने में सुविधा हो।

## कैंसर से बचाव व उपचार पर विमर्श



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोजपाल मित्र परिषद द्वारा अरेरा क्लब में कैंसर का निदान समझदारी से समाधान, विषय पर होने वाले विमर्श हुआ। मुख्य वक्ता सिंगापुर यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ क्लीनिकल फार्मोकोलॉजिस्ट एवं शोधकर्ता डॉ बलराम चौबे रहे । कार्यक्रम में चिरायु चैरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ अजय गोयंका एवं शहर के लगभग 25 कैंसर विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे.। कार्यक्रम में डॉ चौबे द्वारा वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दवाइयों के प्रभाव में सुधार, नवीन दवाइयों की खोज एवं व्यक्ति विशेष के लिए पर्सनलाइज्ड उपचार विषय पर अपने शोध पत्रों को प्रस्तुत किया गया. उक्त कार्यक्रम में सभी चिकित्सा पद्धतियों एवं आहार पद्धतियों द्वारा सर्व समावेशी रूप से कैंसर से बचाव उपचार पुनरावृति को रोकना एवं भविष्य को सफल बनाने के प्रयोजन पर चर्चा की गयी. इसी तारताम्य में भोजपाल मित्र परिषद द्वारा नूतन कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. रहे।.कैंसर से बचाव उसके उपचार और उपचार के पश्चात होने वाली परिस्थितियों के सामना करने के लिए भोपाल में एक अंतरराष्ट्रीय स्तर के संस्थान को बनाए जाने की दिशा में भ?जपाल मित्र परिषद द्वारा इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस भयावक रोग की बढ़नी समस्या समाज में इससे संबंधित जागरूकता और उपचार के सस्ते सरल तरीकों को भोपाल मैं उपलब्ध कराना है । कार्यक्रम में विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के लगभग 150 लोगों ने प्रतिभागिता की एवं इस कार्य में पूर्णत सहयोग प्रदान करने का संकल्प लिया। इस दौरान नगर निगम अध्यक्ष कृष्णा सूर्यवंशी ,बाल आयोग अध्यक्ष द्रविन्द्र मोरे समाजसेवी हरिओम जटिया सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## प्लेओटल में आठ मार्च को महिला दिवस पर कार्यक्रम

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।** आठ मार्च अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर वोमेंस विंग, प्लेओटल एवं एसडीएफ़सी ड्रीम इवेंट द्वारा लालघाटी स्थित प्लेओटल इन्न एरिया में शाम 4 बजे नारी शक्ति को नमन करने के उद्देश से महिलाओं के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा महिलाओं के मनोरंजन के लिए विशेष रूप से अलग अलग अलग तरह के गेम्स, फैशन शो, रेड कारपेट वॉक, डांस वर्कशॉप, लाइव म्यूजिक, गिफ्ट्स, अलग अलग प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन के साथ विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही है।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कृष्णा गौर राज्य मंत्री, स्वतंत्र प्रभार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

## स्थापना दिवस पर निकलेगी सांई बाबा की भव्य पालकी

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

सांई बाबा मंदिर समिति द्वारा समिति 17 वां स्थापना दिवस मनाएगी। सांई बाबा की भव्य पालकी निकालने और आयोजन को अंतिम रूप देने बैठक हुई, जिसमें तय किया गया कि दो दिवसीय आयोजन के बीच स्थापना दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक आचार्य पंडित गंगाराम भार्गव ने बताया साँई बाबा मंदिर साँई रेसीडेंसी कैलाश नगर में 12 और 13 मार्च को आयोजन होंगे, 12 मार्च को मंदिर में संगीत में सुंदरकांड का पाठ होगा। 13 मार्च को भव्य पालकी निकाली जाएगी, जिसमें विधायक रामेश्वर शर्मा, वार्ड पार्षद कुसुम चतुर्वेदी सहित बड़ी संख्या सांई भक्त शामिल होंगे। कार्यक्रम के पश्चात शाम को भंडारे का आयोजन किया जाएगा। बैठक में संजय वाधवा प्रमोद तिवारी, डॉ ए के सिंह, रवि मीणा, विकास खन्ना, एच आर सिंह, अभिषेक सिंह ,दिनेश मालवीय , टीकाराम पटेल, विपिन कुमार जैन , राघवेंद्र शर्मा, सज्जन सिंह राजपूत, पंडित ऐ के तिवारी, सहित बड़ी संख्या में बैठक में साांई भक्त मौजूद थे।



**मेट्रो एंकर** आयोजन समिति की बैठक में तैयारियों की समीक्षा

# विक्रमादित्य महोत्सव की तैयारियां तेज सिंधी भगत, सिंधी छेज और पल्लव

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

राजावीर विक्रमादित्य महोत्सव संतनगर में चार दिवसीय आयोजनों के बीच मनाया जाएगा। सिंधी भगत, सिंधी छेज, पल्लव एवं बहिराणा साहिब होगा। आयोजन को लेकर किशोर तेजवानी की अध्यक्षता में रविवार को आयोजन को लेकर बैठक हुई, जिसमें 7 मार्च से होने वाले समारोह की तैयारियों की समीक्षा की गई। किशोर तेजवानी ने बताया कि 7 मार्च को प्रेमचंद तेजवानी, नारीमल नरियानी, रूपचंद रायचंदानी एवं नारी तनवानी की स्मृति में रात 9 बजे मोहनलाल एण्ड पार्टी उल्हासनगर की सिंधी भगत होगी, जबकि 8 मार्च को विधिवत शुभारंभ सुबह 10 बजे बहिराणा साहिब के साथ किया जाएगा, जिसमें सांसद आलोक शर्मा मुख्य अतिथि होंगे जबकि विधायक रामेश्वर शर्मा अध्यक्षता करेंगे। 8 मार्च को ही शाम 4.30 बजे सिंधी भगत के अलावा छेज का आयोजन किया गया है जबकि 8 मार्च को ही रात 8 बजे से झूलेलाल मंदिर सभागार में कोटा की प्रसिद्ध लक्ष्मीचदं म्यूजिकल पार्टी का सिंधी कार्यक्रम होगा। यह प्रोग्राम समाज सेवी खीमनदास आसवानी की स्मृति में किया जाएगा।
**दूसरे दिन होंगे यह आयोजन :** 9 मार्च को शाम 5 बजे फिर मोहनलाल एण्ड पार्टी का सिंधी भक्ति कार्यक्रम होगा जबकि 10 मार्च को सुबह 10 बजे विश्व शांति, मानव कल्याण, सुख शांति एवं कारोबार में वृद्धि के लिए पल्लव व प्रार्थना के साथ चार दिनी महोत्सव का समापन्न किया जाएगा। विधायक भगवानदास सबनानी मुख्य अतिथि होंगे। बैठक में महोत्सव समिति के संरक्षक ईश्वरदास हिमथानी, सुरेश जसवानी, लखमीचंद नरियानी, नरेश चोटरानी, मुख्य सलाहकार हीरो हिन्दू इसरानी, बसंत चेलानी, पूज्य सिंधी पंचायत अध्यक्ष माधु चादंवानी, महोत्सव समिति के उपाध्यक्ष मनोहर वीधानी, महासचिव जेठानंद मूलचंदानी, सचिव नंदलाल दादलानी, कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल मोरंदानी, सह कोषाध्यक्ष भोजराज मोतियानी, मंदिर प्रभारी जानी मूलचंदानी, झूलेलाल मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष राज मनवानी, नानक दादलानी व घनश्याम लालवानी मौजूद रहे।



## होली पर घर जाना होगा आसान भोपाल से चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

होली पर घर जाने के लिए भोपाल रेलवे ने 10 होली स्पेशल ट्रेनों का शेड्यूल जारी किया है। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि सबसे ज्यादा यात्रियों की भीड़ रीवा रूट पर आ रही है इसलिए इस रूट पर चार स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी। इनमें रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट स्पेशल और रानी कमलापति-दानापुर स्पेशल ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को सफर में अधिक सुविधा मिलेगी और त्योहार के दौरान भीड़भाड़ से राहत मिलेगी।



- रानी कमलापति से 12 और 15 मार्च, दोपहर 2.25 बजे
- दानापुर पहुंचने का समय सुबह 8.45 बजे
- रीवा-रानी कमलापति सुपरफास्ट स्पेशल
- रानी कमलापति से 08 और 12 मार्च, रात 10.15 बजे
- रीवा-रानी कमलापति स्पेशल
- रानी कमलापति से 17 मार्च, सुबह 6.15 बजे

## ऊर्जा विभाग का कारनामा

# पांच रुपए में किसानों को बिजली कनेक्शन योजना की 'नई' घोषणा!

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

ऊर्जा विभाग ने सरकार से 5 रुपए में किसानों को बिजली के स्थाई पंप कनेक्शन देने की वर्षों पुरानी योजना की नए सिरे से घोषणा करा दी है। जिसके बाद से मैदानी स्तर पर किसान भ्रम में है। दरअसल मुख्यमंत्री निवास पर रविवार दोपहर को बुलाए गए किसान आभार सम्मेलन में सीएम मोहन यादव ने कहा कि किसानों को 5 रुपए में बिजली के स्थाई सिंचाई कनेक्शन दिए जाएंगे। बिजली विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि 2018 के पहले तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सरकार यह योजना लाई थी जिसके तहत अब तक लाखों किसानों को बिजली के पंप कनेक्शन दिए जा चुके हैं। सीएम प्रदेश के किसानों को 3 साल में 30 लाख सोलर पंप सिस्टम देकर बिजली बिलों से छुटकारा दिलाने की बात कही। यह भी कहा गया है कि हर साल 10-10 लाख किसानों को यह कनेक्शन देंगे। इसके बाद वह कभी भी किसी भी समय सिंचाई कर सकेंगे। यदि बिजली ज्यादा होगी तो उसे बेचकर मुनाफा कमा सकेंगे। सम्मेलन में किसानों ने सीएम का आभार जताया, उनका हल प्रदान कर सम्मान किया। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने किसानों का मजाक बना दिया था लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों की मुश्किलें आसान बना दी। मप्र सरकार भी जहां एक ओर उद्योगपतियों के बारे में सोचती है तो किसानों के बारे में भी निर्णय लेने में देरी नहीं करती। आगे किसानों के लिए जो भी अच्छा होगा, वह करेंगे, कमी नहीं रहने देंगे।






### मंत्री हकीकत से दूर

कृषि मंत्री एदल सिंह कंषाना किसान सम्मेलन के बाद से लेकर सुर्खियों में हैं। असल में मंत्री कांग्रेस की कमियां गिनाने की कोशिश कर रहे थे और इसी के चलते बोल पड़े की कांग्रेस के समय प्रदेश में सिंचाई का रकबा 7000 हेक्टेयर था अब भाजपा सरकार में 70000 हेक्टेयर हो गया है। मंत्री के इस बयान के बाद से सोशल मीडिया में उनकी जमकर खिंचाई हुई है। ऐसा इसलिए क्योंकि वास्तविकता में प्रदेश के अंदर सिंचाई का रकबा 50 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गया है और 2026 तक इसे सरकार ने 65 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य रखा है।

### गोविंद सिंह बोले- मुझसे पहले किसानों को पता चल जाता है-

सम्मेलन में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह ने कहा कि मैं विभागीय मंत्री गेहूं हूं, गेंहू के दाम 2600 रुपये कर दिए, यह मुझे तो बाद में पता चला। सबसे पहले किसानों को पता चल गया।

## आईएएस अफसरों की जमावट फिर बदलने का खाका तैयार

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र में कई दौर की सर्जरी के बाद अब फिर करीब दर्जनभर आईएएस अफसरों का तबादला किये जाने के आसार बन गये हैं। इसके लिये जरूरी एक्सरसाइज शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि यह काम विधानसभा के बजट सत्र के पहले हो सकता है। इस फेरबदल में कुछ अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव और कलेक्टर के नाम शामिल हो सकते है। वहीं सीएमओ, मंत्रालय के कुछ विभागों, जिलों व संभागों में असर दिखाई दे सकता है। सूत्रों की मानें तो इनमें अधिकांश अफसर ऐसे हैं। जिनके नाम तबादले के लिए भोपाल की ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के पहले प्रस्तावित थे। मगर कतिपय कारणों से होल्ड कर दिए गए थे। सूत्रों के मुताबिक अब इनमें से कुछ तबादले व्यक्तिगत, कुछ परफार्मेंस के कारणों से किए जाने है। माना जा रहा है कि हाल में जिन आईएएस को पदोन्नतियां मिली है, उन्हें भी अच्छी जिम्मेदारी दी जा सकती है। वहीं अतिरिक्त् प्रभार पर चल रहे विभागों को स्थाई प्रशासनिक मुखिया मिल जाएंगे। उधर राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों के तबादले अपेक्षाकृत कम हुए हैं, जो कि लंबे समय से मांग कर रहे है।

## बाल आयोग की कार्यशाला की राजधानी में हुई शुरुआत

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

मप्र राज्य बाल संरक्षण आयोग की एक दिवसीय कार्यशाला का सोमवार को कुशाभाऊ ठाकरे अन्तर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजन किया जाएगा। इस कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हुए। बच्चों के शिक्षा के अधिकार, पॉक्सो एवं किशोर न्याय अधिनियम पर आधारित इस कार्यशाला में महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यशाला में सभी जिलों के महिला बाल विकास, शिक्षा, जनजातीय कल्याण एवं गृह विभाग के अधिकारी, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं सामाजिक संगठनों के सदस्य उपस्थित रहेंगे।

## आज से शुरू हुआ विद्या भारती का अभ्यास वर्ग, 700 से अधिक कार्यकर्ता होंगे शामिल

**भोपाल।** विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान का अखिल भारतीय पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग सोमवार से शुरू हो गया है।?राजधानी के केरवा डैम रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर आवासीय विद्यालय, शारदा विहार में 3 से 8 मार्च 2025 तक यह वर्ग आयोजित किया जाएगा। सुबह डिजिटल एवं मैन्युअल प्रदर्शनी का शुभारंभ विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष डी रामकृष्ण राव, अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविन्द महंत, विश्वास कैलाश सारंग, मंत्री, खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन 04 मार्च को सुबह 9 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत द्वारा किया जावेगा। 5 मार्च को सायं 07:15 बजे से पंच परिवर्तन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।?6 मार्च को ग्राम दर्शन योजना के माध्यम से सभी कार्यकर्ताओं को शारदा विहार आवासीय विद्यालय द्वारा संचालित 40 ग्रामों के संस्कार केंद्रों का भ्रमण कराया जाएगा, जिससे वे समाज में हो रहे सकारात्मक परिवर्तन को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव कर सकें। 5 दिन चलने वाले इस अभ्यास वर्ग में एनसीईआरटी, सीबीएसई डायरेक्टर, भाषा भारती अध्यक्ष सहित शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और 22 विशेषज्ञ सत्रों में शामिल होंगे। कार्यकर्ता पिछले 3 महीनों से इस अभ्यास वर्ग के लिए तैयारियां कर रहे थे।

**संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत आज आएंगे भोपाल:** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत भोपाल प्रवास पर रहेंगे। जानकारी के अनुसार, सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत सोमवार देर रात भोपाल पहुंचेंगे। डॉ. भागवत के साथ संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल और वरिष्ठ प्रचारक सुरेश सोनी भी मौजूद रहेंगे। संघ प्रमुख दो दिन भोपाल मे रहेंगे। यहां वे 4 मार्च को विद्या भारती के देशभर से आने वाले 700 से ज्यादा पूर्णकालिक कार्यकर्ताओं के अभ्यास वर्ग का उद्घाटन करेंगे। डॉ. भागवत मध्यप्रदेश के बाद बिहार रवाना होंगे।

**8 मार्च का समापन :** 8 मार्च को पूर्णकालिक कार्यकर्ता अभ्यारस वर्ग 2025 का समापन समारोह आयोजित होगा, जिसमें अतिथियों से कार्यकर्ताओं को प्रेरक उद्बोधन सुनने को मिलेगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ मार्गदर्शक सुरेश सोनी शामिल होंगे। इस आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह डॉ. कृष्ण गोपाल, विद्या भारती के अखिल भारतीय अध्यक्ष डी रामकृष्ण राव, अखिल भारतीय संगठन मंत्री गोविंद चंद्र महंत पूरे समय उपस्थित रहेगें।


## समाचार पत्र के स्वामित्व एवं अन्य विषयों से संबंधित विवरण

### घोषणा

### फार्म - 4

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रकाशन स्थान | भोपाल |
| 2. | प्रकाशन अवधि | दैनिक |
| 3. | मुद्रक का नाम | राजेश सिरोठिया |
| | क्या भारत का नागरिक है | हां |
| | पता | ई-6/8, चार इमली भोपाल |
| 4. | प्रकाशक का नाम | राजेश सिरोठिया |
| | क्या भारत का नागरिक है | हां |
| | पता | ई-6/8, चार इमली भोपाल |
| 5. | संपादक का नाम | आशीष दुबे |
| | क्या भारत का नागरिक है | हां |
| | पता | 182, ए शाहपुरा भोपाल |
| 6. | उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों | राजेश सिरोठिया |

मैं राजेश सिरोठिया एतद् द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिए गए विवरण सत्य हैं।

हस्ताक्षर
राजेश सिरोठिया
(प्रकाशक के हस्ताक्षर)





# चॉकलेट और ऐतिहासिक धरोहर मिलकर बनाते हैं अनोखी पहचान

## सरकार से दूरी, आमजन से करीबी

■ अमिताभ स.

यूरोप का एक अद्भुत देश, जहां हर कोने में इतिहास और संस्कृति की झलक मिलती है। यहां के शहर ब्रसेल्स, एंटवर्प और गेंट अपनी ऐतिहासिक धरोहर, प्रसिद्ध बीयर और चॉकलेट के लिए मशहूर हैं। यह देश न केवल अपनी खूबसूरत गलियों और स्थापत्य कला के लिए आकर्षक है, बल्कि स्वादिष्ट वॉफल्स और फ्राइज का भी घर है, जो किसी भी यात्रा को खास बना देते हैं।

दुनिया की नामी बीयर, चॉकलेट, आसमान छूते गिरिजाघर, हीरे, क्रिस्टल क्लीयर नहरें, रौनक भरे स्क्वेयर और पत्थरदार गलियां बेल्जियम की खासियतों में शुमार हैं। बेल्जियम की राजधानी बेशक ब्रसेल्स है, लेकिन एंटवर्प, बुर्ज और गेंट नाम के 3 शहर मिलाकर उभरती है बेल्जियम की फ्लैंडर्स सिटीज की तिगड़ी। तीनों एक-दूसरे से ज्यादा दूर भी नहीं हैं- महज 40-40 मिनट की ट्रेन दूर पर हैं। हर शहर अपना अलग चरित्र और कशिश समेटे है। फ्लैंडर्स सिटीज में घूमने-फिरने की सुविधा के लिए डी लिज्न लोकल ट्रांसपोर्ट मुहैया करता है। करीब 6 यूरो (575 रुपये) का डे-ट्रेवल कार्ड लीजिए और बस, ट्राम या मेट्रो में बेरोक-टोक घूम-फिर सकते हैं। फिर भी, फ्लैंडर्स सिटीज में आने-जाने के लिए ट्रेन सबसे बेहतर है।सभी शहरों का आकर्षण टाउन स्क्वेयर के इर्द-गिर्द फैले दायरे तक ही सीमित है। मड़े-मड़े पैदल ही टहलते-टहलते लुत्फ उठा सकते हैं। शहरों की बनावट ही ऐसी है कि हर किसी को पैदल और साइकिल पर घूमना-फिरना ज़्यादा आरामदेह लगता है। वहां टहलते हुए, भारतीयों को लगता है कि हमारे देश में ऐसे पैदल चलने को प्रोत्साहिक करने वाले शहर क्यों नहीं बनाए गए। यूरोपीय देशों के तरह बेल्जियम में साफ़-सफ़ाई देखकर आंखें चकाचौंध हो जाती हैं। लोग और प्रशासन भी सफ़ाई के मामले में अपनी पूरी ज़िम्मेदारी निभाते हैं। ब्रसेल्स समेत फ्लैंडर्स सिटीज दिलकश जलवा पेश करती हैं। ब्रसेल्स के बड़े आकर्षण में सिटी स्क्वेयर है, और सिटी स्क्वेयर के बीचोंबीच टाउन हॉल 14वीं सदी की भव्य इमारत की शोभा आज भी देखने लायक़ है। इमारत की भव्यता और चकाचौंध दंग कर देती है। यही नहीं, एटम, ग्रैंड प्लेस, बूरेन म्यूजियम, मोंटडेस आर्ट म्यूजियम, रॉयल पैलेस, स्टॉक एक्सचेंज बिल्डिंग, पैलेस ऑफ जस्टिस वगैरह भी पर्यटक दिलचस्पी से देखते हैं, या देखना चाहते हैं।

सू-सू करती बच्चे की प्रतिमा 'मेनिकन पिस' तो लैंडमार्क है। इससे जुड़ी कई कही-सुनी बातें, किस्से और कहानियां प्रचलित हैं। बेल्जियम का दूसरा बड़ा शहर एंटवर्प दुनिया के सबसे बड़े हीरा उद्योग का केंद्र है। इसे यूरोप का दूसरा सबसे बड़ा बंदरगाह होने का रुतबा भी हासिल है। उधर बुर्ज को इटली के वेनिस का मिनीएचर रूप कह सकते हैं। सड़कों से ज्यादा दरिया और पुल हैं। खूबसूरती ऐसी कि देखते रह जाते हैं। बुर्ज यूरोप के चुनींदा पुराने शहरों में से एक है। छोटा-सा है और एक दिन के डे-टूर के लिए बेस्ट है। मध्यकालीन वास्तुकला, स्वादिष्ट खाना-पानी और म्यूजियमों के शहर के तौर पर पहचाना जाता है। यूं भी, बेल्जियम आए पर्यटक बुर्ज की सैर को सबसे ऊपर रखते हैं। ग्रोट मार्केट स्क्वेयर तो खूब रौनकी जगह है। यहां के तमाम कैफे-रेस्टोरेंट खासे महंगे हैं। बेल्जियम का एक और आकर्षक शहर है गेंट। यह यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों में शामिल है। इसे रोमांस का शहर भी कहते हैं क्योंकि हरदम जोड़ों का जमघट रहता है। हवा में ही रोमांस तैरता है। गेंट के बीचोंबीच लेई नदी बहती है। इसके साथ-साथ पैदल चलिए या बोटिंग का लुत्फ उठाइए, शर्तिया आनंद आ जाता है। सेंट माइकल पुल के ऊपर से गुजरकर ही शानदार अनुभव किया जा सकता है। ओल्ड टॉवर, सेंट बावोकैथेड्रल ऑफ द काउंटी वगैरह भी खासमखास आकर्षण हैं। गेंट की प्राचीन इमारतों के साथ-साथ नाइट लाइफ कम रोमांचित नहीं करती।

### बीयर, वॉफल और फास्ट-फूड

बेल्जियम बीयर पीने वालों का मनपसंद देश है। दुनियाभर की नामी-गिरामी बीयर तो मिलती ही हैं। ड्रवेल, चिमेय, लैफे, जूपिलर, डेलिरियम, ला चॉइस, बुर्ज ट्रिपल वगैरह बेल्जियम की अपनी विश्व प्रसिद्ध बीयर हैं। 'बीरा' तो नम्बर वन है ही। लेडीज स्पेशल बीयर 'क्रीक' भी खूब पी जाती है, शायद बेल्जियम के बाहर कहीं नहीं मिलती। एक और खास बात है कि हर बीयर के लिए अपना अलग शेप का गिलास है, और हर बीयर केवल उसी गिलास में सर्व और पी की जाती है। फ्रेंच फ्राइज की तरह बेल्जियम फ्राइज भी कम चाव से नहीं खाए जाते। हैं आलू के चिप्स ही, लेकिन फ्रेंच फ्राइज से थोड़े मोटे हैं। और हां, 'गुडिवा' ठेठ बेल्जियम की चॉकलेट है। वॉफल तो है ही बेल्जियम की स्वीट डिश। मैदे में चीनी, दूध, बटर ऑयल और वनीला या चॉकलेट पाउडर के गाढ़े घोल को वॉफल मैकर में डाल कर मिनटों में लाइव बनाते हैं। आमतौर पर, गर्म वॉफल पर नट्स, न्यूट्रेला, चोकोचिप, मैपल, जेम्स वगैरह की टॉपिंग कर आइसक्रीम के स्कूप के साथ पेश करते हैं। बेल्जियम के शहर-शहर में ओपन बार और कैफ़ेटेरिया की बहार है। स्ट्रीट साइड पर कहीं भी बैठ कर मजे-मजे खा-पी सकते हैं। कीमत ज्यादातर सभी में एक जैसी है। फिर भी, किफायती फास्ट फूड के लिए 'क्विक' लोकल बर्गर फूड आउटलेट शृंखला है, तो 'पेनोज' लोकल बेकरी की। 'रिले' डिपार्टमेंट स्टोर्स की शृंखला मशहूर है। गेंट स्क्वेयर के नजदीक 'मोका बॉन' में बेल्जियम की वन ऑफ द बेस्ट कॉफ़ी की चुस्कियां भर सकते हैं। बुर्ज में 'माउंट गोरखा' और एंटवर्प में 'ओनली कबाब' रेस्टोरेंट्स के फ्रेश कुक नॉन वेज की की धूम रहती है।



### इसलिए खास है

यूरोप के उत्तर-पश्चिम-वेस्ट में बसा है बेल्जियम। इसे 'किंगडम ऑफ बेल्जियम' भी कहते हैं। वर्ष 1830-31 में बेल्जियन क्रांति के बाद बेल्जियम नीदरलैंड से आज़ाद हुआ था। और किंगडम ऑफ़ बेल्जियम बन गया। तभी से ब्रसेल्स को राजधानी का दर्जा मिलता है। बेल्जियम के राजा का निवास रॉयल पैलेस है। यह लंदन के बकिंघम पैलेस से 50 फीसदी बड़ा है। करेंसी यूरो है। आजकल एक यूरो क़रीब 90 रुपये का है। बोलचाल व कामकाज की भाषाएं डच, फ्रेंच और जर्मन हैं। लोकल निवासी अपनी फ्लैंडिश भाषा भी इस्तेमाल करते हैं। बेल्जियम की फुटबॉल यानी सॉकर टीम फीफा रैंकिंग में नम्बर वन पर है। बेल्जियम नीदरलैंड, लक्जमबर्ग और फ्रांस से घिरा है। राजधानी ब्रसेल्स है और इसे यूरोप का दिल कह सकते हैं। बेल्जियम से पड़ोसी देशों में आना-जाना 'फ्लिक्स' नाम की बस सर्विस से सबसे सुविधाजनक और किफायती रहता है। यूरोप का पहला कसीनो साल 1763 में बेल्जियम में ही चालू हुआ था। दुनिया के अस्सी फीसदी बिलियर्ड खिलाड़ी बेल्जियम में बनी गेंदों से खेलते हैं। बेल्जियम में हर साल 2,20,000 टन चॉकलेट का उत्पादन होता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो वहां प्रति व्यक्ति करीब 22 किलो चॉकलेट बनती है। ब्रसेल्स का एयरपोर्ट दुनिया के सबसे बड़े चॉकलेट बिक्री केन्द्र के तौर पर जाना जाता है। बेल्जियम की ट्राम दुनिया की सबसे लम्बी है। फ्रेंच और डच सरहद को छूती ट्राम की लम्बाई 68 किलोमीटर है। इसका श्रीगणेश साल 1885 में हुआ था।

### कितने घंटे दूर

उड़ान से दिल्ली से ब्रसेल्स पहुंचने में 8 से 10 घंटे लगते हैं। दिल्ली से ब्रसेल्स सीधी उड़ान नहीं है। इसलिए तमाम एयरलांइस की उड़ाने पहुंचाने में अलग-अलग समय लेती हैं। कुछ वाया एमस्टर्डम, तो कुछ वाया फ्रेंकफर्ट आती-जाती हैं।

# न्यायपालिका में पारदर्शिता की ओर पहलकदमी

■ डॉ. सुधीर कुमार

भारत की न्यायपालिका, जो न्याय और समानता की आधारशिला है, हमेशा से ही सुधारों की मांग करती रही है। लंबित मामलों का बोझ, ऊंच-नीच के आरोप और प्रक्रियात्मक जटिलताओं ने न्यायपालिका की दक्षता और पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं। अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025, भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित महत्वपूर्ण विधान है, जिसका उद्देश्य न्यायपालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देना है। यह विधेयक अधिवक्ता अधिनियम 1961 में संशोधन करता है, जो भारत में कानूनी पेशे को नियंत्रित करता है।पहले, 1961 के अधिनियम के अनुसार, कोर्ट में वकालत करना ही कानूनी व्यवसाय माना जाता था। लेकिन, नए विधेयक में कानूनी व्यवसाय की परिभाषा को और बढ़ा दिया गया है। अब, कानूनी व्यवसाय में कोर्ट में वकालत करने वालों के अलावा वे सभी लोग शामिल होंगे जो कानून से जुड़े अलग-अलग कामों में लगे हैं, जैसे कि कंपनियों के लिए कानूनी काम, कॉन्ट्रैक्ट बनाना और अंतर्राष्ट्रीय कानून से जुड़े काम। इस बदलाव से कानूनी पेशे का दायरा बढ़ गया, इसमें कई तरह के कानूनी काम शामिल हो गए हैं। इससे कानूनी सेवाओं की उपलब्धता बढ़ेगी और नागरिकों को विविध कानूनी मदद प्राप्त करने में आसानी होगी।



वर्तमान में, बार काउंसिल ऑफ इंडिया यानी बीसीआई के सदस्य राज्य बार काउंसिल द्वारा चुने जाते हैं। लेकिन, अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 की धारा 4 में संशोधन करके केंद्र सरकार को यह अधिकार मिल जाएगा कि वह बीसीआई में मौजूदा निर्वाचित सदस्यों के अलावा 3 सदस्यों को नामित कर सके। यह संशोधन सरकार को कानून के प्रावधान लागू करने में बीसीआई को निर्देश देने का अधिकार प्रदान करेगा।

वर्तमान में, अपने मुवक्किल को धोखा देना पेशेवर कदाचार माना जाता है, जिसकी शिकायत बार काउंसिल ऑफ इंडिया से की जाती थी। हालांकि, अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 की धारा 45बी के तहत, पेशेवर कदाचार के कारण यदि किसी व्यक्ति को नुकसान होता है, तो वह बीसीआई में शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी हड़ताल के कारण किसी का नुकसान होता है, तो यह वकील का पेशेवर कदाचार माना जाएगा। यह संशोधन मुवक्किलों के अधिकारों को और अधिक सुरक्षित करता है। यह प्रावधान वकीलों को अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक जवाबदेह बनाता है और उन्हें यह सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित करता है कि वे अपने मुवक्किलों के हितों की रक्षा करें।

अभी तक, एक वकील एक साथ कई बार एसोसिएशनों का सदस्य हो सकता था और उन सभी में चुनाव के दौरान वोट भी कर सकता था। लेकिन, नए विधेयक में धारा 33ए जोड़ी गई जिसके अनुसार, अदालतों, ट्रिब्यूनलों और प्राधिकरणों में वकालत करने वाले वकीलों को उस बार एसोसिएशन में पंजीकरण कराना होगा जहां वे वकालत करते हैं। यदि वे अपना स्थान बदलते हैं, तो 30 दिनों के भीतर बार एसोसिएशन को सूचित करना होगा। अब वकील एक से अधिक बार एसोसिएशन के सदस्य नहीं हो सकते और केवल एक बार एसो. में वोट कर सकते हैं।मौजूदा व्यवस्था में, हड़ताल करना गैरकानूनी नहीं था, लेकिन पेशेवर कदाचार माना जाता था। हालांकि, नए विधेयक में धारा 35ए जोड़ी गई है, जो किसी वकील या वकील संगठन को अदालत के बहिष्कार का आह्वान करने, हड़ताल करने या काम रोकने से रोकती है। इस धारा का उल्लंघन वकालत पेशे का कदाचार माना जाएगा और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकेगी।

अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 को लेकर वकीलों में कई चिंताएं हैं। उनका मानना है कि इसके कुछ प्रावधान उनके अधिकारों का हनन और न्याय व्यवस्था को कमजोर करते हैं। तर्क है कि धारा 35ए उन्हें अपनी बात रखने और समस्याएं उठाने के लिए हड़ताल-बहिष्कार जैसे महत्वपूर्ण हथियारों से वंचित करती है। वे इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता (अनुच्छेद 19) और जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता (अनुच्छेद 21) का उल्लंघन मानते हैं। उनका कहना है कि यह धारा उनकी आवाज दबाने जैसी है और अपने अधिकारों के लिए लड़ने से रोकती है। विधेयक की धारा 35 में वकीलों पर 3 लाख रुपये तक जुर्माना लगाने का प्रावधान है। वकीलों का मानना है, यह जुर्माना उन पर अनावश्यक दबाव डालेगा और उनकी स्वतंत्रता को प्रभावित करेगा। इसके अलावा, नए कानून के अनुसार, अगर किसी की शिकायत झूठी या बेकार साबित होती है, तो उस पर 50,000 रुपये तक जुर्माना लग सकता है। लेकिन, यदि किसी वकील के खिलाफ झूठी शिकायत की जाती है, तो उसके लिए कोई सुरक्षा नहीं है। वकील इसे एकतरफा कानून मानते हैं और अपने साथ अन्याय बताते हैं। नये विधेयक की धारा 36 के तहत, बीसीआई को किसी भी वकील को तुरंत निलंबित करने का अधिकार है। वकीलों को डर है कि यह प्रावधान उनके खिलाफ दुरुपयोग को बढ़ावा दे सकता है। बिना उचित जांच किसी को निलंबित करना अन्यायपूर्ण है।

बार काउंसिल ऑफ इंडिया का मानना है कि नया विधेयक वकीलों की स्वतंत्रता और बीसीआई की स्वायत्तता पर प्रहार है। विधेयक के कुछ प्रावधान वकीलों के अधिकारों को कम करते हैं और उनकी स्वतंत्रता को खतरे में डालते हैं। यह विधेयक वकीलों को अपने कर्तव्यों के निर्वहन में मुश्किल पैदा करेगा। बीसीआई ने सरकार से इस विधेयक पर पुनर्विचार करने और वकीलों और बीसीआई के साथ चर्चा करने की मांग की है। इन चिंताओं के बावजूद, अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025 में न्यायपालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने की क्षमता है। यदि इसे सही तरीके से लागू किया जाता है।

**(लेखक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं।)**

## रिश्तों में असुरक्षा और समाजिक अलगाव की चुनौती

■ अमित चमड़िया

दोस्ती में असुरक्षा और डर एक सामान्य मानवीय भाव हैं, लेकिन आधुनिक दौर की जीवनशैली और सोशल मीडिया के प्रभाव से और यह लगातार गहरा होता गया है। लोगों में कहीं न कहीं यह डर भी है कि दोस्त के खोने से उनके जीवन में अकेलापन आ जाएगा। कुछ समय पहले आई एक खबर के मुताबिक पिछले पांच वर्षों में पचास वर्ष की उम्र के बाद तलाक के मामलों में दोगुनी बड़ोतरी हुई। अकेले इंदौर शहर में जनवरी, 2023 के बाद करीब पौने दो वर्ष के भीतर करीब ढाई सौ मामले सामने आए। तलाक हमारे समाज में कोई असामान्य बात नहीं है, लेकिन अगर चालीस या पचास वर्ष साथ रहने के बाद पति और पत्नी के बीच ऐसी नौबत आ रही हो तब यह बात थोड़ी अचंभित करने वाली जरूर है। जब इन मामलों का विश्लेषण किया गया तो पता चला कि 'घोंसला सिंड्रोम' यानी 'खाली घर' उम्रदराज पति-पत्नी के बीच तलाक की बड़ी वजह है। ज्यादातर मामलों में इन बुजुर्गों के बच्चों के बाहर दूर किसी शहर में या फिर विदेश में बस जाने या फिर बच्चों का मां-पिता का साथ छोड़ देने की वजह से बुजुर्ग पति-पत्नी को दुख और अकेलेपन का सामना करना पड़ता है और उससे उपजी पीड़ा को झेलना पड़ता है। अकलेपन के कारण उनकी दिनचर्या में आने वाले नोकझोंक तलाक तक पहुंच जा रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि ज्यादातर मामलों में तलाक सहमति से हो रहे है।इसी संदर्भ में देखें तो दूसरी खबर अमेरिका से आई, जिसमें 'फ्रेंड होर्डिंग' नाम के नए चलन वहां के समाज में देखे जा रहे हैं। इस 'फ्रेंड होर्डिंग' का मतलब यह है कि लोग अपने दोस्त को दूसरे दोस्तों से नहीं मिलने दे रहे हैं। इसकी वजह यह बताई गई कि लोगों में कई तरह का असुरक्षाबोध और दोस्तों को खोने का डर है। हालांकि लोगों का मानना है कि दोस्ती में असुरक्षा और डर एक सामान्य मानवीय भाव हैं, लेकिन आधुनिक दौर की जीवनशैली और सोशल मीडिया के प्रभाव से और यह लगातार गहरा होता गया है।लोगों में कहीं न कहीं यह डर भी है कि दोस्त के खोने से उनके जीवन में अकेलापन आ जाएगा। दूसरी तरफ, अपने दोस्त को दूसरे दोस्त के न मिलने देने की वजह से भी कुछ लोग अकेलेपन के शिकार हो रहे हैं। यह स्थिति अभी भारत में नहीं आई है, लेकिन खासतौर पर शहरों में जैसे हालात पैदा हो रहे हैं, उसमें इसकी संभावना बहुत ज्यादा हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि अब ज्यादातर रिश्ते आभासी मंचों पर ही तय किए और निभाए जा रहे हैं। ये जुड़ाव केवल चंद 'लाइक' और हल्की-फुल्की टिप्पणियों तक ही सीमित रहते हैं। अमेरिकी साइकेट्रिक एसोसिएशन की एक रपट के अनुसार, अमेरिका में हर तीसरा व्यक्ति अकेलापन का शिकार है। यह आंकड़ा युवाओं में अधिक है और तेजी से बड़ रहा है। भारत के युवाओं के बीच भी यह समस्या तेजी से पांव पसार रही है। हालांकि इस समस्या की गंभीरता को चिह्नित और विश्लेषित किया गया है और इस अकेलेपन के कारण उत्पन्न प्रभाव को कम करने के प्रयास भी हो रहे हैं। इसी तरह के एक प्रयोग की खबर अमेरिका से आई, जिसमें 'प्रोजेक्ट गैदर' को अपनाया गया है। इस प्रयास में लोग सामूहिक भोज का आयोजन कर रहे हैं, जिसमें अपने समूह के लोगों को उनके बचपन में भोजन प्रिय थे, उसी को भोज में शामिल किया जाता है।

# आज के दौर में अकेलेपन का बढ़ता जाल

**मौजूदा दौर में वर्तमान समाज में संबंधों के मामले में सबसे ज्यादा बदलाव की वजह तेजी से बड़ता-पसरता अकेलापन है। इंसान ने तकनीक का आविष्कार अपने फायदे और सुविधा के लिए किया है, लेकिन आभासी दुनिया के चलते समाज में ज्यादातर अभौतिक बदलाव की दिशा नकारात्मक है। इंटरनेट पर लोग अलग-अलग समूहों से जुड़े हुए जरूर नजर आते हैं, लेकिन इस तरह के जुड़ाव का कोई ठोस आधार नहीं होता हैं।**



इससे न केवल सामूहिकताबोध में मजबूती आती है, बल्कि भावनात्मक स्तर पर भी लोग एक दूसरे से जुड़ते हैं। इसका मकसद भी यही है। इस तरह बचपन का पसंदीदा भोजन परोसने के पीछे यह भी सोच है कि इसके बहाने हम अपनी-अपनी दादी-नानी और मां को याद कर पाएंगे, क्योंकि बचपन में हमारी पसंद का खयाल वही रखती थीं। स्वाद की यह साझा संस्कृति उन्हें खुशी दे रही है और लोग आपस में जुड़ कर बेहतर महसूस कर रहे हैं। इसी तरह के एक अन्य प्रयास का नाम 'कनेक्शन कल्चर' रखा गया है। वहां के लोगों का मानना है कि अकेलेपन से जीत इसी तरह के प्रयासों से मिलेगी। भारत में भी अकेलेपन से निजात पाने के लिए इस तरह की कई कोशिश हो रही हैं। इसमें एक प्रयास केरल के कोट्टायम के करीब हो रहा है, जहां एक साथ आसपास दो कमरों के कई घर बनाए गए हैं, जिनमें किसी घर में रसोईघर नहीं हैं। इनमें ज्यादातर बुजुर्ग पति-पत्नी डाक्टर, इंजीनियर और अन्य पेशे से जुड़े रहे हैं। इन घरों के समूह के सिद्धांत हैं- 'अपना काम खुद करें और जो असमर्थ हैं, सब उनकी मदद करें'। खाना बनाने के लिए दो रसोइए का इंतजाम किया गया। मन बहलाने के लिए कई स्तर पर अच्छा-खासा इंतजाम किया गया है। अब महत्त्वपूर्ण सवाल यह है कि इस तरह की स्थितियां क्यों बन रही हैं। आज का मनुष्य, जो अपने आप को सबसे ज्यादा आधुनिक समझ रहा है, उसे इस इस समस्या का कितना अहसास है। सच यह है कि तकनीक की दुनिया में गुम होते जा रहे ज्यादातर लोग इस पर गौर नहीं कर पा रहे हैं कि उनकी जिंदगी किस अंधेरे की ओर बड़ रही है। वे शायद आधुनिकता के मतलब को नहीं समझ पा रहे है। आधुनिकता का मतलब सामूहिकता से है, न कि गंभीरता और निजता के नाम पर बड़ रहे ऐसे अकेलेपन से, जो भीतर ही भातर इंसान को खोखला कर दे या फिर खा जाए। इस बात को सबको समझने की जरूरत हैं, खासकर युवाओं को।

### टाइगर रिजर्व की झापन रेंज की सोमखेड़ा बीट का है मामला

# ग्वारी गांव में भालू ने किया बच्चे पर हमला, जिला अस्पताल में भर्ती

**एक दिन में दो स्थानों टाइगर रिजर्व के भालूओं ने किया हमला**





**तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

बाघों सहित जंगल जानवरों से आबाद वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व जहां एक ओर बाघों की संख्या बढ़ रही और अन्य जानवरों की भी तो वही टाइगर रिजर्व के जानवर अब जंगल से बाहर निकलकर लोगों पर हमला करने लगे हैं जहां टाइगर रिजर्व के जंगल की सीमा से लगे ग्रामों में दहशत का माहौल बना रहता है टाइगर रिजर्व में शनिवार को दो स्थानों पर भालूओं द्वारा हमला कर लोगों को घायल कर देने के मामले सामने आए थे जिसमें एक घटना दोपहर में वक्त हुई तो दूसरी घटना शाम को हुई है इन घटनाओं के बाद लोगों में दहशत बनी हुई है और अब लोग टाइगर रिजर्व से सटे जंगल की और जाने से कतराने लगे है और वन अमला लोगों को टाइगर रिजर्व की और नहीं जाने जागरूक भी कर रहा है

**ग्वारी गांव किया हमला 14 वर्षीय किशोर घायल**

शनिवार की शाम 5 बजे टाइगर रिजर्व के झापन रेंज की सोमखेड़ा बीट व इमलिया चौकी के अंतर्गत आने वाले वाले ग्राम ग्वारी गांव के पास एक किशोर को एक भालू ने हमला कर दिया जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हें परिजनों इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया गया कि घायल किशोर प्रहलाद पिता साहब यादव उम्र 14 वर्ष निवासी ग्वारी शाम को पांच बजे के आसपास घर से जब खेत रखाने के लिए जा रहा था तभी खेत के पास पीछे से आकर भालू ने हमला कर दिया, जिससे युवक बुरी तरह घायल हो गया घटना की सूचना दमोह वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे लगते ही दमोह रेंजर विक्रम चौधरी और स्टाफ के द्वारा जिला अस्पताल पहुंचकर किशोर को तत्कालीन आर्थिक राशि देकर बेहतर उपचार कराने की बात कही जहां पर घायल का इलाज चल रहा है वहीं दूसरी घटना शनिवार टाइगर रिजर्व छिरारी गांव के पास हुई थी जहां राकेश रैकवार उम्र 45 वर्ष पर भी भालू ने हमला कर घायल कर दिया था जहां किसान राकेश रैकवार अपनी गाय को तलाश खेत से कुछ दूर टाइगर रिजर्व की सीमा पर पहुंच गया था जहां पर भालू ने हमला कर घायल कर दिया था जहां किसान का इलाज रहली स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया था।

**इनका कहना है**

झापन रेंजर नीरज विसेन ने बताया कि ग्वारी गांव में एक बच्चे पर भालू हमला कर दिया था जिसे दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां अब युवक की हालत में सुधार है लोगों की सुरक्षा के लिए वन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है और योजना बनाई जा रही है।

# छात्रा को प्राचार्य ने स्कूटी की चाबी देकर उज्जवल भविष्य की कामना की



**तारादेही /तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

तेन्दूखेड़ा ब्लॉक के तारादेही ग्राम में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सत्र 2023-24 में ग्राम पौड़ी निवासी कु. अंजली लोधी पिता संतोष लोधी ने 71 प्रतिषत अंक प्राप्त कर उच्च स्थान प्राप्त करने पर मध्य प्रदेश शासन की लोकप्रिय निति के तहत शनिवार को स्कूटी प्रदान की गई और छात्रा को प्राचार्य द्वारा चाबी सौंपी गई विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा छात्रा को बधाई दी और उज्जवल भविष्य की कामना की। आपको बता दें कि सरकार की तरफ से स्कूटी की कीमत छात्रा के खाते में भेजी गई थी और उसके बाद फिर छात्रा द्वारा अपनी मनपसंद स्कूटी एजेंसी मे जाकर देखी जिसका भुगतान सरकार के द्वारा दिए गए पैसों से किया गया छात्रा अंजली लोधी को स्कूटी की चाबी मिलते ही चेहरे पर खुशी का ठिकाना नहीं रहा। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य एचएन मरावी, एफएल पटेल, डीपी धुर्वे, संगीता सरैया,, अनिल साहू, भाई लाल गौड. अतुल जैन. परसादी लाल. कु. अंजली अलावे. कु.वैष्णवी परस्ते. तुलसीराम रजक. उमाशंकर चैकसे. टीकाराम राय. साहब अहिरवार. नरेश अहिरवार. महेश अहिरवार. नीलेश विश्वकर्मा. प्रेम ठाकुर. सुदामा ठाकुर .दिव्या मान्दे .पूजा पांडे. शिल्पी जैन .रवि कुमारी जैन. अभिलाषा चैरसिया. कु. भारती यादव. सरोज अहिरवार .वीरचंद्र अहिरवार, नंदराम यादव. आभा लोधी. कालिका प्रसाद. सूरज प्रसाद. मुन्ना सिंह मौजूद रहे।

# परीक्षा परिणाम सुधारने अवकाश के दिनों में भी लगाई जा रही अतिरिक्त कक्षाएं : डीईओ



**सिवनीमालवा, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जिले के हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं की वार्षिक परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। बोर्ड परीक्षा में परीक्षा परिणाम सुधारने के लिए अवकाश के दिनों में भी अतिरिक्त कक्षाएं लगाई जा रही हैं जिससे कि बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर हो सके।

यह निर्णय चमक अभियान के अंतर्गत लिया गया है,जिसमें संस्था के शिक्षकों द्वारा परीक्षा अवकाश के दौरान भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देने का संकल्प लिया है। सिवनीमालवा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाड़ा में भी रविवार अवकाश के बावजूद भी कक्षा दसवीं में अंग्रेजी विषय का अध्यापन सुनीता राजपूत द्वारा कराया गया। अतिरिक्त कक्ष में 15 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अवकाश होने के बाद भी शत्रुघ्न प्रताप सिंह बिसेन जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम ने अतिरिक्त कक्षा संचालन का आकस्मिक निरीक्षण किया डीईओ द्वारा छात्र-छात्राओं की कॉपियां भी देखी तथा कठिन विषयों पर भी छात्र-छात्राओं से चर्चा की। निरीक्षण के समय संस्था प्राचार्य राममोहन रघुवंशी, राजेश कुमार देवड़िया, शिवशंकर चौधरी, अखिलेश यादव, वीरेंद्र यादव, मधु हुरमाड़े, हरि परेवा, कविता रघुवंशी,शिवम ठाकुर ,शैलेंद्र रामटेके, अर्पित मिश्रा इत्यादि उपस्थित रहे ।

# सभी किसानों को मिले धान पर बोनस :यादव

**नर्मदापुरम।** ग्राम रोहना के उन्नत कृषक रिखीराम यादव ने सरकार से मांग करते हुए कहा कि धान का उत्पादन करने वाले सभी किसानों को 4000रु प्रति हेक्टेयर के हिसाब से बोनस दिए जाना चाहिए. जो किसान सरकारी मंडियों में धान बेच रहे हैं अथवा बाजार में खुले स्तर पर धान बेच रहे हैं. उन सभी किसानों को समान रूप से बोनस दिया जाना चाहिए.



किसान ने जिस वैरायटी की भी धान को बोया है उन सभी वैरायटी पर बोनस दिया जाना चाहिए. केवल सरकारी उपार्जन केंद्रों पर ही बोनस दिए जाने का प्रावधान न्याय संगत नहीं है.

सरकार को किसानों के बीच भेदभाव उत्पन्न नहीं करना चाहिए. श्री यादव ने कहा कि इस वर्ष वैसे ही धान बिक्री का रेट कम था. यदि शासन सभी किसानों को धान पर बोनस की राशि नहीं देगी तो किसानों की आर्थिक स्थिति प्रभावित होगी.और किसानों को आगामी फसल उत्पादन में आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.

### बिजली खंबों पर लगे बोर्ड वाहन चालकों के लिए बन रहे खतरा

# सड़क किनारे खंबे पर लगा बोर्ड बाइक सवार पर गिरा, घायल

**तेंदूखेड़ा/दमोह, दोपहर मेट्रो**



नगर में बिजली खंबों पर लगे बोर्ड अब वाहन चालकों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। ये बोर्ड जर्जर होने के कारण टूटकर गिर रहे हैं। गत दिवस एक बाइक सवार पर खंबे में लगा बोर्ड टूटकर गिर गया। जिससे बाइक सवार घायल हो गया है। जानकारी अनुसार जबलपुर जिला के आधारताल निवासी सुजीत यादव शनिवार दोपहर करीब 2 बजे बाइक से मार्ग से जा रहा था तभी शासकीय हाई स्कूल के सामने अचानक से बिजली खंबे पर लगा नगर परिषद का स्वच्छता का संदेश देने वाले बोर्ड टूटकर उसके ऊपर गिर गया। जिससे बाइक सवार नीचे गिर गया और घायल हो गया। साथ ही उसकी बाइक में भी टूट-फूट हो गई। हादसा देखकर मौके पर मौजूद लोग आए और जानकारी ली। स्थानीय लोगों ने कहा कि शुक्र रहा कि बड़ी घटना होने से टल गई। यदि यह बोर्ड बाइक सवार के सिर पर गिरता तो बड़ा हादसा घटित हो सकता था। बोर्ड बाइक सवार के पैरों पर गिरा, जिससे उसके पैर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं घायल सुजीत यादव ने बताया कि वह दमोह गया था और वहां से वापस जबलपुर जा रहा था लेकिन रास्ते में यह बोर्ड गिर गया। जिससे पैर और हाथ में चोटें आई हैं। साथ ही बाइक में भी टूट-फूट हो गई है। हालांकि घायल ने तेंदूखेड़ा में इलाज न कराकर जबलपुर में इलाज कराने की बात कहते हुए अपने अन्य साथियों के साथ चला गया। घटनास्थल पर मौजूद सोनू खटीक ने बताया कि नगर परिषद द्वारा लगाए गए बोर्ड सही तरीके से नहीं लगे है। जिसके कारण वह टूट कर गिर रहे हैं। यदि यह बोर्ड किसी बच्चे या फिर बाइक सवार के सिर पर गिरता तो बड़ा हादसा हो सकता था। क्योंकि बोर्ड लोहे का है, जो काफी वजनदार था।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हरदा में होगा कवि सम्मेलन

**नर्मदापुरम।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य मे नर्मदा आव्हान सेवा समिति व्दारा अखिल भारतीय काव्य कुम्भ (कवयित्री समागम एंव सम्मान समारोह) का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम आयोजक केप्टिन करैया ने बताया की 8 मार्च शनिवार को होटल बागवान पैलेस हरदा मे किया जा रहा है।जिससे देश के विभिन्न प्रांतों से 50 कवयित्रियों को आंमत्रित किया गया है।

संस्था के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हंस राय ने बताया की उक्त आयोजन मे जनप्रतिनिधियों, समाजसेवीयो, प्रशासनिक अधिकारियों एंव वरिष्ठ साहित्यकारों को आंमत्रित किया है.कार्यक्रम संयोजक जयकृष्ण चांडक ने बताया की आयोजन प्रातः 9 बजे से सांयकाल 5 बजे होगा काव्य पाठ उपरांत सभी कवयित्रियों को अतिथियों की उपस्थिति मे समिति स्मृति चिन्ह,प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जायेगा।

### नौ देवी पिपलेश्वर माता मंदिर में ब्राह्मण समाज की बैठक संपन्न

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर होगा 3 दिनी कार्यक्रम

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**




नौ देवी पिपलेश्वर माता मंदिर पर ब्राह्मण समाज की एक बैठक आयोजित हुई। जिसमें अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर ब्राह्मण समाज के लोगों से चर्चा की गई। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष संतोष शर्मा ने बताया कि अक्षय तृतीया भगवान परशुराम जन्मोत्सव समेत अनेक विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी माह में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय आयोजन होंगे। जिन्हें बड़े ही धूमधाम से मनाया जाए। प्रथम दिवस 27 अप्रैल को ब्राह्मण बालकों का उपनयन संस्कार का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसका स्थान ब्राह्मण समाज धर्मशाला वेदनखेड़ी रहेगा। दूसरे दिन 28 अप्रैल को विशाल व भव्य वाहन रैली नगर के मुख्य मार्गों से निकाली जायेगी। तृतीय दिवस 29 अप्रैल को नगर में ब्राह्मण समाज भगवान परशुराम का भव्य चल समारोह निकलेगा। साथ ही सर्व सम्मति से बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी जून माह में 9 से 13 जून तक पांच दिवसीय एक प्रशिक्षण कर्मकांडी ब्राह्मण बालकों के लिए भी आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षण के पांच दिवसीय कार्यक्रम के लिए संयोजक की जिम्मेदारी कैलाश नारायण शर्मा को दी गई। जबकि आचार्य के लिए मुन्ना लाल शास्त्री को नियुक्त किया गया। प्रशिक्षण में शिक्षक के रूप में अभिषेक महाराज को जिम्मेदारी दी गई। यह समस्त निर्णय ब्राह्मण समाज की बैठक में सर्वसम्मति से लिए गए हैं। साथ ही आगामी माह में होली मिलन समारोह , ब्राह्मण समाज की व्यवस्थित कार्यकारणी , संचालन समिति सहित अनेक सामाजिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से विश्व हिंदू परिषद के पूर्व केंद्रीय मंत्री राजेश तिवारी, आरसी शर्मा, मुन्नालाल शास्त्री, कैलाश नारायण शर्मा मनीष पाठक, घनश्याम शर्मा, श्रीकृष्ण तिवारी, सुमित मिश्रा, मनोज रावत, दीपक शर्मा सहित अनेक ब्राह्मण समाज जन उपस्थित थे।

# ब्रह्मकुमारी उपसेवा केंद्र का हुआ भूमि पूजन

**गंजबासौदा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के उपसेवा केंद्र के भवन निर्माण का भूमि पूजन रविवार को विधायक हरिसिंह रघुवंशी, पूर्व संसदीय सचिव अजय सिंह रघुवंशी, नपाध्यक्ष शशि यादव, विमलचन्द ओसवाल, उपसेवा केंद्र की संचालिका कौशल्या बहन के आथित्य में संपन्न हुआ। इस मौके पर कौशल्या बहन ने कहा कि हमारे आज इस कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाने के लिए अमूल्य समय अमूल क्षण जो परमात्मा के कार्य में दिया। जो परमात्मा को करना है वो ही करेंगे जैसे हम इस भूमि पर बैठे हैं यह भूमि हमको देंगे कि शिव बाबा को अपना कार्य करना है तो वह किसी को भी निमित्त बनाकर अपना कार्य करा लेता। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने कहा कि ब्रह्माकुमारी का उपसेवा केंद्र का भवन निर्माण होने के लिए शुभकामनाएं देता हूं बहुत जल्दी भवन बनकर तैयार होगा। ईश्वर कोई भी काम हाथ में लेते हैं बहुत जल्दी उसको पूरा करते हैं हम सबको आसपास के लोगों को उसका बहुत अच्छा लाभ मिलेगा नपाध्यक्ष शशि यादव ने कहा ईश्वर से प्रार्थना करती हूं जहां पर हमेशा सरस्वती विराजमान रहे। हाथों में लक्ष्मी रहे हृदय में परमात्मा का वास रहे तो कोई काम कठिन नहीं होता। इस मौके पर मुन्ना मामा, एडवोकेट सत्यनारायण शर्मा, समाजसेवी सुरेश तनवानी, सुनील पिंगले उपस्थित थे।

**मेट्रो एंकर** नर्मदा घाट पर साफ सफाई अभियान जारी है, घाटों पर सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

# नर्मदा जीवनदायनी है इसमें कचरा ना फेंके : आरटीओ निशा चौहान

**नर्मदापुर, दोपहर मेट्रो**

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की नर्मदा की साफ सफाई की पहल अच्छी है। मां नर्मदा हमारी जीवनदायनी है। हमें इसका संकल्प लेना है कि हम इसमें गंदगी ना डालें । हमने मां नर्मदा को ईश्वर का दर्जा दिया है। हमें इसमें कचरा नहीं फेंकना चाहिए । घाटों की साफ सफाई रखना चाहिए। यह बात अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की साफ-सफाई अभियान में रविवार को कोरी घाट पहुंचीं परिवहन अधिकारी निशा चौहान ने कहीं । उन्होंने कहा कि हम मां के दर्शन करें पूजन करें लेकिन फूल कचरा आदि गंदगी इसमें ना डालें। उन्होंने कहा पुराणों के अनुसार मां नर्मदा भगवान शिव से उत्पन्न हुई हैं और उन्हें शिव की पुत्री माना जाता है। नर्मदा में स्नान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और केवल उनके दर्शन मात्र से भी पापों का नाश होता है। हमें अपने धार्मिक और नैतिक कर्तव्य के रूप में नर्मदा को स्वच्छ रखना चाहिए। उन्होंनेकहा हर



व्यक्ति को यह संकल्प लेना चाहिए कि वह नर्मदा घाटों पर गंदगी न फैलाए, नहाते समय नदी में हानिकारक पदार्थों का उपयोग न करे और दूसरों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करे।

हर रविवार चलाए जा रहे नर्मदा स्वच्छता अभियान के तहत इस बार कोरीघाट पर अभियान चलाया गया। इस दौरान घाट पर जमी काई, कचरा और अन्य गंदगी हटाकर सफाई की गई। महासभा के इस अभियान में सामाजिक कार्यकर्ताओं, गणमान्य नागरिकों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया और नर्मदा को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने का संकल्प लिया।

इस अभियान में परिवहन अधिकारी निशा चौहान की बड़ी बेटी पीहू चौहान भी शामिल हुई। उन्होंने घाट पर सफाई कर लोगों को प्रेरित किया। अपनी मासूम आवाज में कहा हम सब मिलकर मां नर्मदा को स्वच्छ और सुंदर बनाएंगे। किसी भी हालत में घाट पर गंदगी नहीं फैलने देंगे और सभी को यही संदेश देंगे कि नर्मदा को स्वच्छ रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उनकी छोटी बेटी ईशु चौहान ने भी झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश दिया। इस सफाई अभियान में आरटीओ अधिकारी परिवार सहित शामिल हुई। वयोवृद्ध देवी श्रीवास्तव ने कहा, हम सबको मिलकर यह अभियान सफल बनाना है

अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने संकल्प लिया है कि हर रविवार नर्मदा घाटों की सफाई की जाएगी और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जाएगा। महासभा ने सभी नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की है

## मुगलसराय में विधायक ने 3 करोड़ 96 लाख के विकास कार्यों की रखी नींव

# युवा ताकतवर होगा तो देश भी सशक्त होगा : उमाकांत शर्मा

**डबल इंजन सरकार बिना भेदभाव के हर वर्ग के कल्याण विकास के कार्य कर रही है**



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मुगलसराय में विधायक उमाकांत शर्मा ने 3 करोड़ 96 लाख 38 हजार के विकास कार्यों की सौगात देते हुए कामों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि डबल इंजन सरकार बिना भेदभाव के हर वर्ग के कल्याण विकास के कार्य कर रही है,। उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों की नीतियों की आलोचना करते हुए कहा कि इन्होंने विकास के लिए काम नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारें जनता को सीधा लाभ पहुंचाने के लिए सेवा समर्पण विकास की भावना को लेकर कार्य कर रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेंशा कहते देश में केवल चार जातियाँ हैं - नारी, युवा, किसान और गरीब। भाजपा सरकार इन सभी को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य कर रही है जब हमारी नारी किसान,युवा गरीब ताकतवर होगा तो देश भी प्रगति के नए आयाम छूएगा आज इन सब के विकास के लिए हमारी केंद्र प्रदेश सरकार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं किसान सम्मान निधि जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए बताया कि इन योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के सभी पात्रों को मिल रहा है। देश की 80 फीस की आबादी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है इनके कल्याण के लिए प्रधानमंत्री और हमारे मुख्यमंत्री काम करके धरातल पर दिखाया है। आज सभी को सरकार की योजनाओं का घर बैठे लाभ मिल रहा है कांग्रेस की सरकारों में योजनाएं केवल कागजों में संचालित होती थी ।

### छात्राओं से किया संवाद

शर्मा के द्वारा ग्राम मुगलसराय में नवनिर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का लोकार्पण करने के उपरांत स्कूली छात्राओं से परीक्षा से लेकर अन्य गतिविधियों के संबंध में चर्चा की इनके सवालों का जवाब छात्राओं ने सरल अंदाज में दिए जा रहे थे। जिससे श्री शर्मा बड़े प्रभावित हुए और छात्राओं का उत्साह वर्धन करते हुए प्रशंसा की

### स्वच्छ गांव को देंगे 5 लाख

विधायक शर्मा ने युवाओं से नशे से दूर रहने तथा अपने अपने घरों की तरह गाँव को स्वच्छ रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनसहभागिता से हम अपनी पूरी विधानसभा स्वच्छता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है अभी हम चलना है। जिस प्रकार शहरों में स्वच्छता सर्वेक्षण किया जाता है, इसी तरह पूरे विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक स्वच्छ ग्राम प्रतियोगिता आयोजित की जाए। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत सबसे स्वच्छ गाँव को विधायक निधि से 5 लाख की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।

### हितग्राहियों की समस्याओं का समाधान

इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन ने समस्याओं को संबंध में आवेदन भी विधायक को दिए इसके विधायक ने मौके पर ही इनकी समस्याओं का समाधान अधिकारियों से करवाया साथ ही विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पात्र हितग्राहियों की शिकायतें सुनीं और समाधान के लिए अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की और कहा कि पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया में उनकी सहायता करें।

### सीसी रोड, स्वास्थ्य केंद्र, शासकीय छात्रावास आदि का हुआ लोकार्पण

लोकार्पण में सीसी रोड हाई स्कूल परिसर में 3.5 लाख, मुगलसराय उप स्वास्थ्य केंद्र भवन 43.88 लाख, नया स्कूलों भवन 1 करोड़ 23 लाख, शासकीय छात्रावास 1 करोड़ 38 लाख, सिद्ध आश्रम 15 लाख, विधायक निधि से सामुदायिक भवन 8 लाख, सामुदायिक भवन मय सीसी रोड 25 लाख, सीसी रोड पालीवाल मोहल्ला और सिरस्वास में 15 लाख शामिल है। कुल 3 करोड़ 71 लाख 38 हजार रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।

वही भूमिपूजन में ग्राम प्यासी में सीसी रोड 2.16 लाख, ग्राम वामन खेड़ी में मेने रोड से अजब सिंह के घर तक सीसी रोड 2.81 लाख, ग्राम गोपालपुर में 15 वे वित्त से पुलिया निर्माण 5.38 लाख, ग्राम धमऊ खेड़ी में पुलिया निर्माण 15 वे वित्त से 4.65 लाख, विधायक निधि से ग्रेवल मार्ग मुगलसराय में 10 लाख । कुल भूमि पूजन कार्य 25 लाख के हैं। इस दौरान एसडीएम हर्षल चौधरी जनपद शिव बनना शर्मा आदि मौजूद थे।

# पहला रोजा रखकर, मुस्लिम समाजजनों ने मालिक की इबादत की





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रविवार से रमजान का पवित्र महीना मुस्लिम समुदाय का प्रारंभ हो गया है। पहला रोजा रखकर मालिक की इबादत की दौरा भी प्रारंभ हो गया है पांच वक्त की नमाज अदा करने के बाद गोला चलने के बाद रोजा खोलने काम किया गया एक महीने तक इबादत का दौर चलेगा। वहीं मस्जिदों में भी रोजेदारों पहुंच कर नमाज पढ़ी वहीं घरों पर भी इबादत की जा रही है। रमजान में रोज रखना बहुत अच्छा बताया इसके चलते बुजुर्गों से लेकर बच्चे युवा और महिलाएं भी रोजा रखकर पूरी शिद्दत से खुद की इबादत करती हैं। दूसरी ओर बजरिया में शाम के रोजा इफ्तार की सामग्री लेने के लिए रोज रखने वालों और उनके परिजनों की भीड़ लगी हुई थी जगह कम होने के कारण यहां पर जाम भी लग रहा था। रमजान के पवित्र महीने प्रतिदिन रोजा रखकर इबादत का दौरा चलेगा जिसको लेकर मुस्लिम समाज जनों कई दिनों से इंतजार इस महीने का करते कर रहे थे। पहला रोजा मैं ज्यादा दिक्कत नहीं हुई अभी गर्मी ज्यादा नहीं है।आने वाले दोनों में तापमान में वृद्धि होगी तो थोड़ी बहुत दिक्कत हो सकती है पर खुद की रहमत से कोई परेशानी नहीं होती है। वहीं 6 बजाने के बाद मुस्लिम समाज की दुकानों पर ताले लग गए थे।

# यातायात पुलिस ने की वाहनों की चेकिंग कर बनाए चालान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**



यातायात पुलिस के द्वारा वाहन चेकिंग प्रारंभ की तो वाहन चालकों में हड़कंप मच गया पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए कई बाहन चालक तो दूर से ही अपने वाहनों को वापस लेकर जाते हुए नजर आए वहीं लटेरी नाकें साहित शहर में यातायात सूबेदार रितेश वाघेला की मौजूदगी में पुलिस कर्मियों ने वाहनों की जांच की जिसमें रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस , बीमा हेलमेट, तीन सवारी और यातायात विभाग के नियमों का पालन नहीं करने पर एक दर्जन के करीब वाहनों पर चलनी कार्रवाई भी की गई कई वाहन चालक पुलिस की चालानी करवाई से बचने के लिए बहाने बनाते हुए नजर आए पर पुलिसकर्मियों ने किसी की बात पर ध्यान नहीं दिया। शहर में निरंतर ब चेकिंग होने से वाहन चालकों को चालानी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है।

## वन विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी



**तेन्दूखेड़ा!** रविवार को वन परिक्षेत्र तेजगढ़ परिसर, सामान्य वन मंडल दमोह में वनों के संरक्षण व विकास हेतु जन-सहयोग प्राप्त करने के लिये राज्य शासन के काष्ठ के विदोहन से प्राप्त होने वाली काष्ठ की बिकी से प्राप्त राजस्व की 20 प्रतिशत राशि संयुक्त वन प्रबंधन समिति को देने का निर्णय लिया गया.जिसके तारतम्य में परिक्षेत्र तेजगढ़ में 20 प्रतिशत लाभांश राशि से ग्राम वन समिति हरदुआ, सांगा, गोरखा, करनपुरा, करौंदी, वंशीपुर, समदई, पटेरिया में ग्राम वन समितियों को खाना बनाने की सामग्री व ग्राम वन समिति, गुबरा, घुटरिया, गिदरा, मोहड़ में स्कूली बच्चों को बैग का वितरण किया गया.कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धर्मेन्द्र सिंह लोधी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति पर्यटन धर्मस्व विभाग, ईश्वर जरांडे आई.एफ.एस. वन मंडल अधिकारी, प्रतीक कुमार दुबे, उप वन मंडल अधिकारी तेन्दूखेड़ा, नीरज कुमार पाण्डेय वन परिक्षेत्र अधिकारी तेजगढ़ (सामान्य), थाना प्रभारी तेजगढ़ अभिषेक पटेल, मंडल अध्यक्ष संग्राम सिंह लोधी, पूर्व मंडल अध्यक्ष भारत सिंह लोधी आदि उपस्थित रहे।ग्राम वन समितियों को खाना बनाने की सामग्री व स्कूली बच्चों को बैग वितरित किये गये. इसके पश्चात एक पेड़ मां के नाम का पौधा रोपण किया गया

## एसडीओपी ने खड़े होकर बनवाया यात्री प्रतीक्षालय

**सिरोंज।** रविवार को विधायक निधि से लिंक रोड पर बासौदा नाके वाले श्मशान घाट के सामने और कब्रिस्तान की बाउंड्री वाल के बाहर अस्थाई प्रतीक्षालय लगाने के कार्य एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी ने अधिकारियों के साथ मौके पर खड़े का करवाया जब ठेकेदार काम करने आया तो कुछ लोगों के द्वारा विरोध करते हुए उत्त कार्य को करने के लिए ठेकेदारों को धमकी देकर इस काम को रुकवाया दिया था ।

इसके बाद एसडीओपी उमेश कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार विकास अग्रवाल, मुख्य नगर पालिका रामप्रकाश साहू, थाना प्रभारी संदीप सिंह पवार आदि ने मौके पर पहुंचकर विवाद करने वालों को फटकार लगाते हुए इनके अतिक्रमण को हटाकर यात्री प्रतीक्षालय बनवाने का काम कि इस दौरान एसडीओपी से लेकर अधिकारी 3 घंटे तक यहीं पर रुके रहे काम पूरा होने के बाद यहां से गए। अस्थाई प्रतीक्षालय को रेडीमेड रूप से तैयार करके ठेकेदारी लाया था वेल्डिंग करके उसको पूर्ण कर दिया। इसका निर्माण विधायक के निर्देश पर नगरपालिका ने आने जाने वाले यात्रियों के लिए करवाया है ।इससे पहले अधिकारियों के सख्त रवैया के बाद विरोध करने चलते बने कुछ लोगों का अतिक्रमण भी नगर पालिका ने हटाया।

# केंद्रीय कृषि मंत्री के गृह जिले में, किसानों को पंजीयन के लिए होना पड़ा है परेशान

**पैक्स समिति गांव में नहीं कर रही काम**

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

रबी सीजन में समर्थन मूल्य पर पंजीयन करने के लिए सरकार के द्वारा सभी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की पैक्स समितियां को अपने-अपने मुख्यालय में बैठकर निशुल्क में किसानों का पंजीयन करना है जिसके लिए सुबह 10 बजे से लेकर 5 बजे का समय निर्धारित किया गया है। विकासखंड में अधिकांश पैक्स समितियां के प्रबंधकों के द्वारा केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के गृह जिले में और मुख्यमंत्री मोहन यादव की किसान हितेषी मनसा पर भी पानी फेरने का कार्य किया जा रहा है।इसके चलते किसान फसलों का समर्थन मूल्य पर विक्रय करने के लिए पंजीयन करवाने के लिए परेशान होना प्राइवेट में पैसे खर्च करके इस काम को करवाना पड़ रहा है । जबकि की पैक्स समितियों ग्रामीण क्षेत्र में कार्यालय बने हुए कागजों में इनको ही दर्शाया जाता है। वास्तविकता में इसके विपरीत देखने को मिला है।अधिकांश समिति प्रबंधक से लेकर अमला गांव में पहुंच नहीं रहा है शहर में बैठकर औपचारिकता पूरी कर रहे हैं खाना पूर्ति करने में लगे हुए हैं।इस वजह से कृषकों को प्राइवेट तो राशि खर्च करके ऑनलाइन सेंटरों पर पहुंचकर पंजीयन करवाना पड़ा इसके बदले में किसानों को 100 से लेकर 200 तक की राशि भी खर्च करनी पड़ रही है। ज्यादातर समितियां सरकार के प्रयासों को फेल करने में लगी हुई है एवं किसानों हित में काम नहीं कर रही है।सरकार के द्वारा किसानों की फसलों के पंजीयन का कार्य फ्री में हर समिति को गांव में ही करना है लेकिन उसके विपरीत काम हो रहे है। जिम्मेदारों अधिकारी भी और ध्यान नहीं दे रहा है, ज़िले में बैठे अधिकारी को भी समिति प्रबंधकों की मनमानी की जानकारी है इसके बाद भी किसानो के हित में कदम नहीं उठा रहा है। दिखावा करने के लिए समितियां में पहुंचकर फोटो डालकर गायब हो जाते हैं। इसके कारण दिनभर कार्यालय में सन्नाटा रहता है। कई जगह तो कार्यालय के ताले भी नहीं खुला रहें किसानों ने बताया कि पंजीयन के लिए जब हम समितियां के कार्यालय में पहुंचते हैं तो हमें यहां कोई नहीं मिलता है कई बार तो ताला ही लगा रहता है। क्योंकि इनके द्वारा अपने कार्यालय शहर में ही चलाया जा रहे है वहीं पर काम करते हैं यह लोग यहां भी पंजीयन करने के नाम पर कई तरह के दस्तावेज मांग कर परेशान करते हैं और साइड बंद होने का कहकर हमें निजी सेंटरों पर भेज देते हैं ।

### गांव की जगह शहर में कर्यालय

सरकार के द्वारा पैक्स समितियों ग्रामीण क्षेत्र में संचालित करने के दिशा निर्देश दिए। आखिर इसके बाद भी ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित होने वाली पैक्स समितियां के कार्यालय शहर में कैसा संचारित हो रहा है इनको इसका खर्चा कहां से मिल रहा है। जब इन समितियां के स्वयं के गोदाम कार्यालय है वहीं पर रहकर अपना काम करना चाहिए। आदिश जगह ऐसा नहीं हो रहा है।इसकी जानकारी नीचे से लेकर ऊपर तक के अधिकारियों को फिर भी कम नहीं उठाए जा रहे है।

### इनका कहना है

अधिकांश समितियां के ग्रामीण क्षेत्र में कार्यालय पर यहां पर कोई रहता नहीं है पंजीयन नहीं होने की शिकायते किसान रहे इसके संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से बात करके व्यवस्था ठीक करवाने के लिए प्रयास करेंगें ।

**-भगत सिंह रघुवंशी** जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि

सभी समिति प्रबंधकों को अपने-अपने मुख्यालय में रहकर पंजीयन करने के निर्देश दिए हैं यदि कहीं कोई नही जा रहा है उसको दिखवाते हैं पंजीयन निशुल्क में करना है।

**-प्रकाश बाबू शर्मा**
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधक सिरोंज

**मेट्रो एंकर** लिंक रोड के खम्बों को शिफ्ट करने नगर पालिका राशि देने तैयार, लेकिन

# 6 महीने में बिजली विभाग नहीं दे पाया स्वीकृति, वाहन चालक परेशान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

सड़क शोभा प्रभावित करने वाले भी बिजली विभाग के पोल बीच चौराहे से लेकर मार्ग पर जगह-जगह लगे हुए हैं जिनके कारण दुर्घटनाएं होने का खतरा भी बना हुआ है इनको शिफ्ट करने के लिए नगर पालिका परिषद एस्टीमेट बनाकर बिजली वितरण कंपनी को दे चुकी है इसके बदले में जो राशि बिजली विभाग को चाहिए वह राशि देने को भी देने को तैयार है सर्वे का काम भी बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी और नगर पालिका अधिकारियों ने संयुक्त रूप से कर लिया इसमें आने वाले खर्च को वहां करने नगर पालिका तैयार है फिर काम को क्यों लटकाया जा रहा है। जल्दी इनको यहां से नहीं हटाया गया तो किसी दिन इन खम्बो के कारण बड़ी जनहनि भी हो सकती है बासौदा नाका चौराहे पर लगा पोल तो बड़ी दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है।

सरकारी काम को सरकारी विभाग अधिकारी इतनी लापरवाही से कार्य कर रहा है, इस बात से इनके काम का अंदाजा भी लगाया जो काम चांद दिनों में होना चाहिए वहां काम 6 महीने बीत जाने के बाद भी आगे नहीं बढ़ पाया सर्किल ऑफिस से बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी स्वीकृति नहीं दे पाए है इस वजह से काम कई महीनो से लटका हुआ है। इन खम्मा को भी सड़क पर से हटवा कर साइड में लगवाने के लिए कई बार नगर पालिका के इंजीनियर के द्वारा बिजली विभाग के अधिकारियों को पत्र जारी किए गए बस वहां से एक ही जवाब है कि अभी प्रक्रिया चल रही फाइल मंजूरी के लिए सर्किल ऑफिस से नहीं है जैसी ही वहां से पास होते ही एस्टीमेट बनाकर देंगे उसके बाद राशि जमा करवा लेंगे फिर इनको शिफ्ट करने का काम करेंगे अभी तो स्वीकृति ही नहीं मिली है उसको मिलने में ही कई महीने बीत जाएंगे इसके बाद इनको यहां से हटाकर दूसरी जगह लगाने में भी कई दिन भी जाएंगे इसके बाद ही नगर पालिका इनको यहां से हटकर जो काम इस सड़क पर होना है वहां कार्य हो पाएगा।



### 98 लाख की राशि देने को तैयार नगर पालिका

सड़क पर से बिजली के पोलों को हटाकर दूसरे जगह- पोल लगाने में लगभग 98 लख रुपए की राशि खर्च होना है उक्त राशि को देने के लिए नगर पालिका परिषद ने अपनी सहमति भी दे दी है। इसके उपरांत भी बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी इस काम की मंजूरी नहीं कर रहे हैं इस कारण से सभी को परेशानी हो रही है सड़क की खूबसूरती भी प्रभावित हो रही है। विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा सड़क को खूबसूरत बनाने के लिए सड़क की चौड़ाई करवाई है। खंबे नहीं हटने से इसका फायदा भी नगर वासियों को नहीं मिल पा रहा है।

### डिवाइडर लगाने का होगा काम

उक्त सड़क पर बलेज पेट्रोल पंप से लेकर छतरी चौराहे तक 1 किलोमीटर तक नगर पालिका परिषद के द्वारा डिवाइडर लगाने की प्लानिंग भी यह काम जब तक खंबे यहां से नहीं हटेंगे तब तक हो नहीं पाएगा डिवाइडर लगने के बाद मार्ग पर दुर्घटनाएं भी नहीं होगी अतिक्रमण की समस्या भी काफी हद तक दूर हो जाएगी और पेड़ पौधे लगे के बाद यहां की सुंदरता दिखेगी बाहर से आने वाले लोग भी तारीफ करेंगे भी परंतु यह काम जितने जल्दी बिजली कंपनी के द्वारा पोलों को शिफ्ट करनें काम होने के बाद हो पाएगा।

### इनका कहना है

जितनी भी राशि इन बिजली के पोल को शिफ्ट करने में लगेगी वहां हम देने को तैयार है । बिजली वितरण कंपनी ने अभी तक स्वीकृत नहीं दी है कई बार हम पत्र भी लिख चुके हैं।

**-रोहित तोमर** इंजीनियर नगर पालिका परिषद

सर्किल ऑफिस मैं बात करके पोलो को शिफ्ट करने जितनी राशि खर्च होना उसका स्टुपिड बनाकर हम नगर पालिका को देंगे जल्दी इस काम को करवाते हैं।

**-राजू बाभौरा,** डी बिजली वितरण कंपनी



# फ्रेंच ओपन : मारिया साकारी, केटी बोल्टर और गार्सिया का पत्ता साफ

**पेरिस, एजेंसी**

पिछले कुछ समय से ग्रैंड स्लेम मुकाबलों के दौरान महिला एकल में गैरवरीय खिलाड़ियों का दबदबा लगातार बढ़ रहा है। खेले गए ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद साल के दूसरे ग्रैंड स्लेम फ्रेंच ओपन में भी शुरुआत दौर से ही उलटफेर शुरू हो गए हैं। मैच में ब्राजील की 13वीं सीड खिलाड़ी बीट्रिज हदाद मैया के बाद यूनान की छठी सीड मारिया साकारी और ब्रिटेन की नंबर एक खिलाड़ी और 26वीं सीड केटी बोल्टर की पहले ही दौर में छुट्टी हो गई।

### ग्रेचेवा-बाडोसा ने का जलवा

महिला एकल के पहले दौर में रूसी मूल की फ्रांसीसी खिलाड़ी वरवारा ग्रेचेवा ने पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए मारिया साकारी को 3-6, 6-4, 6-3 से मात दी। वहीं, स्पेनिश खिलाड़ी पाउलो बाडोसा ने भी पहला सेट हारने के बाद वापसी की और ब्रिटिश खिलाड़ी केटी बोल्टर को 4-6, 7-5, 6-4 से हराया।
**सोफिया ने पुरानी फॉर्म में वापसी की:** अमरीका की गैरवरीय खिलाड़ी सोफिया केनिन ने दूसरे दौर में फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया को 6-3, 6-3 से हराया। 2020 फ्रेंच ओपन की उपविजेता केनिन की गार्सिया के खिलाफ यह तीसरी जीत है।

# 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप भोपाल के बड़े तालाब पर 7 मार्च तक होगी

**भोपाल. दोपहर मेट्रो**

खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को भोपाल के बड़े तालाब स्थित मध्यप्रदेश राज्य वाटर स्पोर्ट्स अकादमी, बोट क्लब पर 3 से 7 मार्च तक आयोजित होने जा रही 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप के आयोजन स्थल का खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 3 मार्च को शाम 4 बजे पांच दिवसीय 42वीं नेशनल सीनियर रोइंग चैंपियनशिप का शुभारंभ करेंगे। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए यह प्रतियोगिता महत्वपूर्ण है जिससे प्रदेश में वॉटर स्पोर्टस खेलों के प्रति उत्साह बढ़ेगा और युवा वर्ग को नई दिशा मिलेगी। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि वॉटर स्पोर्ट्स में भागीदारी के लिए मध्यप्रदेश देश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित हो इस दिशा में हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं। मंत्री सारंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 14 इवेंट्स का आयोजन किया जाएगा जिसमे 2 इवेंट्स पैरा सिंगल स्कल महिला एवं पुरुष वर्ग भी शामिल है। 14 इवेंट्स के सभी फाइनल्स 7 मार्च 2025 को संपन्न होंगे जिसमे 7 इवेंट्स सुबह एवं 7 की शाम होंगें। सभी स्पर्धाएं 2000 मीटर की दूरी पर आयोजित की जाएंगी। मंत्री सारंग ने बताया कि भोपाल का बड़ा तालाब देश की सबसे बेहतरीन वॉटर बॉडी में से एक है, और यहाँ पर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन प्रदेश के लिए गौरव की बात है। आगे उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में देशभर की कुल 27 टीमों में से 23 राज्यों की एवं इंडियन आर्मी, इंडियन नेवी, इंडियन एयरफ़ोर्स, और सर्विस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड की टीमों के 500 प्रतिभागी शामिल होंगे।

## केरल के खिलाफ पहली पारी में बढ़त के आधार पर जीत तय हुई

# विदर्भ तीसरी बार रणजी ट्रॉफी का चैंपियन बना, फाइनल मैच ड्रॉ रहा

**नईदिल्ली, एजेंसी**

विदर्भ ने रणजी ट्रॉफी 2024-25 का खिताब जीत लिया है। विदर्भ और केरल के बीच फाइनल मुकाबला ड्रॉ रहा। पहली पारी की लीड के आधार पर विदर्भ को चैंपियन घोषित किया गया। विदर्भ ने पहली पारी में 379 रन बनाए थे। केरल ने इसके जवाब में 342 रन बनाए। विदर्भ को पहली पारी के आधार पर 37 रन की बढ़त मिली। विदर्भ ने मैच के पांचवे दिन तक दूसरी पारी में 9 विकेट के नुकसान पर 375 रन बनाए और केरल को खेलने के लिए बुलाए बिना ही मैच ड्रॉ करने का ऐलान किया गया।

विदर्भ की टीम ने तीसरी बार रणजी ट्रॉफी का टाइटल जीता है। इससे पहले टीम ने 2017-18 और 2018-19 में यह खिताब जीता था। उन्होंने 2017 में दिल्ली और 2018 में सौराष्ट्र को हराया था। वहीं टीम 2023-24 में उपविजेता रही थी। जिसमें मुंबई ने उन्हें फाइनल में मात दी थी। केरल क्रिकेट टीम पहली बार फाइनल में पहुंची थी।

दानिश को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया विदर्भ ने आज सुबह 249/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 126 रन जोड़े और 5 विकेट गंवा दिए। दानिश मालेवार को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने विदर्भ के लिए पहली पारी में 153 और दूसरी में 73 रन बनाए। टीम के लिए दूसरी पारी में करुण नायर ने 135 रन बनाए। दर्शन नालकांडे ने नाबाद 51 रन की पारी खेली। चौथे दिन विदर्भ से करुण नायर ने शतक लगाया रणजी ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन विदर्भ से करुण नायर ने शतक लगा दिया। दानिश मालेवार 73 रन बनाकर आउट हुए। स्टंप्स तक दूसरी पारी में विदर्भ ने 4 विकेट खोकर 249 रन बना लिए हैं। टीम ने 286 रन की बढ़त बना ली है। तीसरे दिन केरल 342 रन पर ऑलआउट




तीसरे दिन केरल की टीम स्टंप्स तक 342 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम ने 131/3 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया था। कप्तान सचिन बेबी ने 98 रन बनाए। नागपुर के डूेष्ट स्टेडियम में विदर्भ को पहली पारी में 37 रन की बढ़त मिली। टीम से दर्शन नालकंडे, हर्ष दुबे और पार्थ रेखडे ने 3-3 विकेट लिए। पहली पारी में दानिश मालेवार ने शतक लगाया था। मुकाबले के दूसरे दिन विदर्भ की टीम पहली पारी में 379 रन पर ऑलआउट हो गई है। टीम ने आज 254/4 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। टीम ने 125 रन जोड़े और आखिरी 6 विकेट गंवा दिए। केरल ने स्टंप्स तक 3 विकेट खोकर 131 रन बना लिए। विदर्भ ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक 4 विकेट खोकर 254 रन बना लिए हैं। दानिश मालेवार ने शतक लगाया। लंच तक विदर्भ ने 3 विकेट के नुकसान पर 81 रन बनाए। दानिश मालेवार और करुण नायर नाबाद लौटे। ध्रुव शोरे 16 और दर्शन नालकांडे 1 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, पार्थ रेखाडे खाता भी नहीं खेल सके। सेमीफाइनल में विदर्भ ने मुंबई, केरल ने गुजरात को हराया था नागपुर के डूेष्ट स्टेडियम में खेले गए पहले सेमीफाइनल में विदर्भ ने मुंबई को 80 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाया था। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाफ केरल पहली पारी में 2 रन की बढ़त लेने के कारण फाइनल में पहुंचा था।

## पोल वॉल्ट स्पर्धा में 6.27 मीटर की लगाई छलांग

# स्वीडन के डुप्लांतिस ने कॅरियर में 11वीं बार तोड़ा विश्व रेकॉर्ड




**पेरिस. एजेंसी**

स्वीडन के युवा एथलीट आर्मंड डुप्लांतिस ने 11वीं बार अपना ही विश्व रेकॉर्ड सुधारा। 25 वर्षीय डुप्लांतिस ने यहां क्लेरमोंट-फेरैंड में आयोजित विश्व इंडोर एथलेटिक्स टूर मीट में पुरुषों की पोल वॉल्ट स्पर्धा में 6.27 मीटर की छलांग के साथ विश्व रेकॉर्ड बनाया। उन्होंने पिछले साल अगस्त में बनाए गए अपने रेकॉर्ड मार्क में एक सेंटीमीटर तक का सुधार किया। डुप्लांतिस ने फरवरी, 2020 में पहली बार 6.17 मीटर की छलांग के साथ पहली बार विश्व रेकॉर्ड बनाया था। उसके बाद उन्होंने यहां पहले ही प्रयास में 6.27 मीटर की दूरी नाप कर 11वीं बार अपने कीर्तिमान में सुधार किया।
**ओलंपिक में 6.25 मी. के साथ जीता था स्वर्ण :** डुप्लांतिस ने पिछले साल पेरिस ओलंपिक में 6.25 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक जीता था। उसके बाद फिर अगस्त में पोलैंड में अपने ही विश्व रेकॉर्ड में सुधार किया और अब फिर से एक बार उन्होंने यह कमाल किया है। डुप्लांतिस ने 2020 में रेनॉड लैविल्लेनी का 6.16 मीटर का विश्व रेकॉर्ड तोड़ा था, उसके बाद से दुनिया का कोई भी पोल वॉल्ट एथलीट उन्हें पीछे नहीं छोड़ पाया। विरासत में मिली एथलेटिक्स डुप्लांतिस को एथलेटिक्स विरासत में मिली है। उनके पिता ग्रेग डुप्लांतिस भी पोल वॉल्टर थे, वहीं उनकी मां हेलेना हेप्टाथलॉन और वॉलीबॉल खिलाड़ी थीं। डुप्लांतिस के दोनों बड़े भाई भी पोल वॉल्ट एथलीट रहे हैं।
**रेकॉर्ड तोड़ने ही आया था:** चार साल की उम्र से ही ट्रेनिंग- डुप्लांतिस जब महज चार साल के थे, तब से ही उन्होंने अपने पिता के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग शुरू कर दी थी। सात साल की उम्र में आर्मंड ने 3.86 मीटर की छलांग लगाई थी। आर्मंड डुप्लांतिस बोले मैं बहुत खुश हूं कि एक और बार मैंने अपने प्रदर्शन में सुधार किया है। मैं यहां विश्व रेकॉर्ड तोड़ने ही आया था और मैंने कर दिखाया।



## मेट्रो बाजार

# प्रवाह पोर्टल लॉन्च, नियामकीय मंजूरी प्रक्रिया बनाएंगे सुगम




**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई ने खुदरा निवेशकों के लिए सरकारी प्रतिभतियों-बॉन्ड्स की खरीद-बिक्री को आसान बनाने के लिए आरबीआइ रिटेल डायरेक्ट को मोबाइल ऐप लॉन्च किया, वहीं विभिन्न नियामकीय मंजूरी की प्रक्रियाओं को सुगम बनाने के लिए प्रवाह पोर्टल लॉन्च किया। यानी किसी भी व्यक्ति या इकाई के लिए विभिन्न नियामकीय मंजूरियों के लिए सरल तरीके से ऑनलाइन आवेदन करने को लेकर प्रवाह पोर्टल शुरू किया गया है। इसके अलावा आरबीआइ ने फिनटेक रिपॉजिटरी की भी शुरुआत की है। इसका मकसद फिनटेक कंपनियों के आंकड़ों का भंडारण करना और इसके मुताबिक नीतियां बनना है। रिटेल डायरेक्ट ऐप- इस ऐप के जरिए खुदरा निवेशक अब अपने स्मार्टफोन से आसानी से शेयर और म्यूचुअल फंड की तरह सरकारी प्रतिभूतियों की सीधे खरीद-बिक्री कर सकते हैं। इस ऐप को एंड्रॉयड यूजर्स 'प्ले स्टोर' और आइओएस उपयोगकर्ता 'ऐप स्टोर' से डाउनलोड कर सकते हैं। वर्तमान में 'रिटेल डायरेक्ट' पोर्टल खुदरा निवेशकों को भारतीय रिजर्व बैंक के साथ खुदरा प्रत्यक्ष सरकारी प्रतिभूति खाते खोलने की सुविधा प्रदान करता है। फिनटेक रिपॉजिटरी- इसका लक्ष्य उपयुक्त नीतियां बनाने के मकसद से फिनटेक कंपनियों, उनकी गतिविधियों, टक्नोलॉजी के इस्तेमाल आदि के बारे में आवश्यक जानकारी प्राप्त करना है। नियमन के दायरे में आने और उससे बाहर रहने वाली दोनों तरह की फिनटेक कंपनियों को इस रिपॉजिटरी में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# आंकड़े : 8 कोर सेक्टर्स का उत्पादन जनवरी में 4.6 फीसदी बढ़ा, यूपीआई से भी रेकॉर्ड लेनदेन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के आठ प्रमुख उद्योगों (कोर सेक्टर) की ग्रोथ रेट जनवरी, 2025 में बढ़कर 4.6% हो गई, जो एक साल पहले इसी महीने में 4.2% थी। शुक्र वार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2024 में कोर सेक्टर की वृद्धि दर 4.8% थी। इस साल जनवरी में कोयला उत्पादन 4.6%, इस्पात उत्पादन 3.7% और बिजली उत्पादन 1.3% बढ़ा। वहीं रिफाइनरी उत्पादन 8.3%, उर्वरक 3% और सीमेंट का उत्पादन 14.5% बढ़ा।



चालू वित्त वर्ष में अप्रेल-जनवरी के दौरान बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 4.4% रही। यूपीआइ लेनदेन के मामले में भारत नई ऊचाइंयों को छू रहा है। जनवरी में पहली बार यूपीआइ ट्रांजैक्शन 16.99 अरब से अधिक हो गया, जबकि इसकी वैल्यू भी 23.48 लाख करोड़ रुपए के आंकड़े को पार कर गई। यह अब तक किसी महीने में यूपीआइ लेनदेन का सबसे बड़ा आंकड़ा है। देशभर में 80% रिटेल पेमेंट यूपीआइ के जरिए ही किए जाते हैं।

## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# मधुरिमा ऋतिक रोशन को कर दिया था नजर अंदाज!



अभिनेत्री मधुरिमा तुली ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल के जरिए अभिनेता ऋतिक रोशन से माफी मांगी है। मधुरिमा ने एक लंबा-चौड़ा नोट लिखते हुए अभिनेता को इंस्टाग्राम पर टैग भी किया है। टीवी अभिनेत्री मधुरिमा तुली ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर कुछ ऐसा साझा किया जिससे उनके प्रशंसक हैरान रह गए। बिग बॉस 13 फेम अभिनेत्री ने ऋतिक रोशन से मांफी मांगते हुए एक नोट लिखा। अभिनेत्री ने लिखा कि दो साल पहले उनका ऋतिक से आमना-सामना हो गया था, लेकिन वह अभिनेता की ओर ध्यान नहीं दे पाई थीं, क्योंकि वह वहीं पर जम गई थीं। उन्होंने लिखा कि इसके लिए वो शर्मिंदा हैं। ऋतिक को नजरअंदाज नहीं करना चाहती थीं मधुरिमा अभिनेत्री मधुरिमा ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर की, जिसमें उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका कभी भी ऋतिक को नजरअंदाज करने का इरादा नहीं था।

### मधुरिमा ने लिखा लंबा-चौड़ा नोट

अभिनेत्री मधुरिमा ने पोस्ट कर लिखा, 'हे ऋतिक, मैं एक बात कहना चाहती हूं, 2 साल पहले मेरा आपसे आमना सामना हुआ था, मैं उस समय पूरी तरह से जम गई थी। मैं उस दिन से ही अपराधबोध में हूं कि आप यह सोचते होंगे कि मैं कितनी असभ्य हूं या आप शायद इस बारे में भूल गए हों।' उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे यह आपको बताना था, मैं सचमुच स्तब्ध रह गई थी। चूंकि मैं 'कहो ना प्यार है' के समय से आपकी बहुत बड़ी प्रशंसक हूं। मुझे नहीं पता था कि कैसे आपसे मिलूं, इसलिए मैंने सोचा कि संदेश देने के लिए यह सबसे अच्छा मंच है।

## 'वेलकम टू द जंगल' में दिखाएंगे अपना अनोखा रूप

# अक्षय कुमार की फिल्म में सुनील शेट्टी बनेंगे डॉन!

वेलकम टू द जंगल एक आगामी एक्शन एडवेंचर कॉमेडी फिल्म है, जिसे अहमद खान ने निर्देशित और फिरोज नाडियाडवाला द्वारा निर्मित किया गया है। वेलकम की तीसरी इंस्टॉलमेंट वेलकम टू द जंगल को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है। अक्षय कुमार स्टारर फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। इस फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। निर्देशक अहमद खान द्वारा निर्देशित, यह फिल्म ज्योति देशपांडे और फिरोज ए. नाडियाडवाला द्वारा निर्मित है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यह फिल्म 20 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। अब इस फिल्म को लेकर अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वेलकम टू द जंगल में सुनील शेट्टी एक डॉन के किरदार में नजर आएंगे, लेकिन यह डॉन खतरनाक नहीं बल्कि प्यारा होगा। सुनील शेट्टी ने कई फिल्मों में अपनी कॉमेडी से लोगों का खूब मनोरंजन किया है। सुनील के फैंस जरूर उन्हें एक प्यारे डॉन के किरदार में देखना चाहेंगे।

### पहले भी कर चुके काम

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार इस फिल्म को लेकर सुनील शेट्टी काफी उत्सुकहै और खुश है कि वह फिर से एक बार अक्षय कुमार और परेश रावल के साथ काम करेंगे। इस फिल्म में सुनील डॉन के किरदार के साथ कॉमेडी का तड़का लगाते नजर आएंगे। परेश रावल, सुनील शेट्टी और अक्षय कुमार की तिकड़ी फिल्म हेरा फेरी में नजर आई थी। इस फिल्म को दर्शकों का भरपूर प्यार मिला था। फिल्म 20 दिसंबर को क्रिसमस पर में रिलीज हो सकती है।



# 'मैं हूं ना' में शाहरूख का पिता बनने के लिए ऐसे तैयार हुए शाह

कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान ने अपने निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'मैं हूं ना' से जुड़ा एक किस्सा साझा किया। उन्होंने बताया कि किस तरह उन्होंने नसीरुद्दीन को फिल्म में शाहरुख खान के पिता के किरदार के लिए राजी किया था। हिंदी सिनेमा की सबसे मशहूर कोरियोग्राफर और निर्देशक फराह खान ने अपने निर्देशन में बनी फिल्म 'मैं हूं ना' से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा साझा किया है। इस फिल्म में शाहरुख खान मुख्य भूमिका में थे। फराह खान ने हाल ही में एक यूट्यूब चैनल को दिए साक्षात्कार में फिल्म की कास्टिंग को लेकर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने साझा किया कि फिल्म



के विलेन 'राघवन' के रोल के लिए उन्होंने नसीरुद्दीन शाह को प्रस्ताव दिया था। इस दौरान उन्होंने यह भी साझा किया कि उन्होंने नसीरुद्दीन के साथ 10 दिन की शूटिंग को 6 दिनों में ही खत्म कर दिया था। विलेन के किरदार के लिए नसीरुद्दीन ने मना कर दिया था। जब फराह खान से नसीरुद्दीन की कास्टिंग के बारे में पूछा तो उन्होंने कहा यह बहुत लंबी कहानी है। फराह आगे बताती हैं कि खलनायक की भूमिका के लिए वह नाना पाटेकर और कमल हासन के पास भी गई थीं, लेकिन उन्होंने भी इसके लिए मना कर दिया। आखिरकार, वो भूमिका सुनील शेट्टी के हाथ लगी। वह इसके लिए तैयार हो गए। फराह खान ने आगे बताया कि राघवन की कास्टिंग के बाद उनके पास शाहरुख खान के पिता की भूमिका के लिए कास्टिंग का काम बचा था और इसके लिए वह फिर से नसीरुद्दीन शाह के पास गई।

## जिला बदर का उल्लंघन करते बदमाश गिरफ्तार



**भोपाल।** पिपलानी पुलिस ने जिला बदर का उल्लंघन कर इलाके में घूम रहे बदमाश को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ रमध्य प्रदेश राज्य सुरक्षा कानून अधिनियत की तहत कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर आरोपी मन्नू उर्फ मनोज घर पर है। पुलिस की टीम उसके घर पहुंची तो आरोपी अपने मकान 528 डी 3 ए सेक्टर पोस्ट आफिस के सामने घर में ही मिला। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। आरोपी मनोज उर्फ मन्नू पिता लक्ष्मी नारायण (48) आपराधिक प्रवृत्ति का है। उसके खिलाफ 20 दिसंबर 2024 को चार महीने के लिए जिला बदर की कार्रवाई की गई थी। आरोपी को भोपाल से लगे विदिशा, राजगढ, सीहोर, रायसेन एवं नर्मदापुरम जिले की राजस्व सीमाओं से दूर रहने की हिदायत दी गई थी। बावजूद इसके आरोपी अपने घर में था।

## बोर्ड परीक्षा के सैंपल पेपर को लीक पेपर बताकर ठगने वाला गिरफ्तार

**भोपाल।** साइबर क्राइम ब्रांच ने माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा का सेंपल पेपर को लीक पेपर बताकर छात्रों-अभिभावकों से ठगी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। 12वीं तक पढ़ा आरोपी छात्रों के साथ ठगी करता था। ठगी करने के लिए वह टेलीग्राम ग्रुप में छात्रों-अभिभावकों को जोड़ रखा था। एडिशनल डीसीपी शैलेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा मंडल की तरफ से छात्रों को फर्जी पेपर ऑनलाइन बेचकर ठगी करने की एफआईआर दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने मामले में भिंड निवासी 20 वर्षीय शिवम यादव को गिरफ्तार किया था। जबकि इसी गिरोह से जुड़ा छिंदवाड़ा निवासी 19 साल का दीपांशू कोरी पिता रमेश कोरी फरार था। पुलिस ने उसे छिंदवाड़ा से गिरफ्तार किया। आरोपी दीपांशू माध्यमिक शिक्षा मंडल का लोगो (मोनो) व नाम का उपयोग कर टेलीग्राम ग्रुप बनाकर बच्चों को 10वीं,12वीं का पेपर देने का झांसा देकर अपने अकाउंट में आनलाइन ठगी करता था। आरोपी 500 से 1 हजार रुपए एक छात्र से वसूलता था। पैसा मिलने के बाद छात्रों को सैंपल पेपर भेज देता था। उसने करीब डेढ़ सौ छात्रों के साथ ठगी की है। ठगी की रकम कम होने की वजह से छात्र उसकी शिकायत नहीं करते थे। छात्रों को यह भी डर रहता था अभिभावकों को पता चल जाएगा तो उन्हें अलग से फटकार पड़ेगी।




## ई रिक्शा में चालक की फंदे पर लटकी लाश

**भोपाल।** बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित बसई गांव में स्वामी विवेकानंद कॉलेज के पास मैदान में ई रिक्शा चालक की लाश आटो में फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। लाश बैठी हुई अवस्था में है। लिहाजा मामला संदिग्ध लग रहा है। परिजन ने हत्या के आरोप लगाते हुए बैरसिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीएम कराने से मना कर दिया। पुलिस को शव पीएम के लिए हमीदिया अस्पताल लाना पड़ा। परिजन ने लगाए हत्या के आरोप, बैरसिया में पीएम कराने से इंकार, हमीदिया में कराया गया पीएम हमीदिया में पीएम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। संतोष यादव पिता रामचरण यादव (28) शांतिकुंज बैरसिया में रहता था और ई रिक्शा चलाता था। शनिवार रात वह ई रिक्शा लेकर घर से निकला था। सोमवार सुबह उसका ई रिक्शा बसई गांव में स्वामी विवेकानंद कॉलेज के पास मैदान में खड़ा मिला। ई रिक्शे में पीछे की सीट पर हुड पर लगे बेल्ट में उसकी गर्दन में फंदा लगा हुआ था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कराने के बाद शव पीएम के लिए हमीदिया भेज दिया। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।



### भेल से रिटायर्ड बुजुर्ग का फंदे पर लटका मिला शव, दूसरे कमरे में मिली बेटी की लाश, सुसाइड नोट में लिखा

# बेटी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं, मैं खुद बीमारियों से हूं परेशान

**गोविंदपुरा के शक्ति नगर में घर में मिली पिता-पुत्री की लाश, सुसाइड नोट बरामद**



**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल। गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित सी सेक्टर शक्ति नगर में रविवार सुबह बंद मकान में भेल के रिटायर्ड बुजुर्ग की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक अन्य कमरे से उनकी बीएएमएस बेटी की लाश बरामद की है। अनुमान है कि पिता ने बेटी को जहर खिलाने के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या की है। हालांकि पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

पुलिस के अनुसार 82 साल के हरिकृष्ण शर्मा भेल से रिटायर्ड थे। वे मकान नंबर 392 सी सेक्टर, शक्ति नगर गोविंदपुरा में रहते थे। उनके परिवार में दो बेटियां और पत्नी थी। बड़ी बेटी की वह शादी कर चुके हैं और वह बागसेवनिया में अपने परिवार के साथ रहती हैं। यहां हरिकृष्ण शर्मा अपनी 40 साल की छोटी बेटी डॉक्टर चित्रा शर्मा के साथ रह रहे थे। डॉक्टर चित्रा शर्मा बीएएमएस करने के बाद घर में ही प्रेक्टिस कर रही थी। पिता ने उनसे काम सीख लिया था और वह भी प्रेक्टिस करते थे।

**मरीज पहुंचे तो लगा था गेट पर ताला**

हरिकृष्ण शर्मा के घर इलाज कराने प्रतिदिन मरीज पहुंचते थे। रविवार सुबह भी कुछ मरीज इलाज कराने पहुंचे। इस दौरान बाहर के गेट पर ताला लगा हुआ मिला। मरीजों ने हरिकृष्ण शर्मा के मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद पड़ोसियों से पूछा गया। पड़ोसियों ने भी हरिकृष्ण को कॉल किया, लेकिन उनका कॉल रिसीव नहीं हो रहा था। पड़ोसियों ने उनके बेटी दामाद को घटना की जानकारी दी।

**पुलिस के साथ पहुंचे बेटी और दामाद**

बागसेवनिया में रहने वाले हरिकृष्ण शर्मा के बेटी दामाद पुलिस के साथ घर पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस ने मकान की खुली हुई खिड़की से झांककर देखा तो हरिकृष्ण शर्मा का शव फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। जबकि अंदर दूसरे कमरे में फर्स पर चित्रा शर्मा की लाश पड़ी हुई थी। दोनों शव पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिए। तीसरे कमरे में पुलिस को टेबिल पर रखा सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में हरिकृष्ण ने लिखा था कि वे उम्रदराज हैं और उन्हें खुद सेवा की जरूरत है। बेटी का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है और उन्हें बेटी की सेवा करना पड़ रहा है।

**दो साल पहले पत्नी का हो चुका है निधन**

चित्रा शर्मा का मानसिक संतुलन काफी समय से बिगड़ा हुआ था। दो साल पूर्व हरिकृष्ण शर्मा की पत्नी का निधन हो गया। पत्नी के बाद बेटी का मानसिक संतुलन कुछ ज्यादा ही बिगड़ने लगा था। उम्रदराज हरिकृष्ण को घर के काम के अलावा बेटी की भी देखरेख करनी पड़ रही थी। इससे वह परेशान रहने लगे थे।

**बायपास के अलावा 12 बार टूट चुकी है हड्डी**

थाना प्रभारी अवधेश सिंह तोमर ने बताया कि हरिकृष्ण शर्मा कर्मठ थे। उनका 12 बार एक्सीडेंट हो चुका है और हड्डियां टूट चुकी है। इसके अलावा उनका बायपास सर्जरी भी हो चुकी है। वे बेटी को लेकर चिंतित रहते थे। उन्होंने सुसाइड नोट में देहदान की बात लिखी है। इसके अलावा वह अपना शक्ति नगर वाला घर उन्होंने बेटी दामाद को दे दिया। गांव में उनकी प्रॉपर्टी थी वह अपने छोटे भाई के बेटा बहू को देकर गए हैं।

**एम्स में कर देना बेटी और मेरा देहदान**


हरिकृष्ण शर्मा ने सुसाइड नोट में देहदान की बात लिखी है। उन्होंने लिखा है कि मरने के बाद हमारे शव मेडिकल के छात्रों की पढ़ाई के लिए काम आए इसलिए हमारा देहदान कर देना। पुलिस दोनों शव लेकर एम्स पहुंची थी, लेकिन एम्स में शवों का पीएम नहीं किया गया। पुलिस को एम्स से शव हमीदिया ले जाना पड़ा। हमीदिया में पीएम के बाद शवों का एम्स में देहदान किया जाएगा।

## गर्लफ्रेंड से दुखी होकर कारपेंटर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**परिजन का आरोप आईफोन की डिमांड कर रही थी युवती**

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित प्रेस कॉलोनी में कारपेंटर ने घर की बाथरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास सुसाइड नोट नहीं मिला है। युवक के परिजन ने आरोप लगाए कि उसकी गर्लफ्रेंड उससे आई फोन की डिमांड कर रही थी। इससे परेशान होकर आत्महत्या की है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार प्रेस कॉलोनी निवासी 18 वर्षीय राजू मीणा कारपेंटर के साथ पेंटर था। वह 6वीं तक पढ़ा था। शनिवार रात खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में चला गया। सुबह उसकी दादी बाथरूम गई। अंदर से दरवाजा बंद मिला। करीब 10 मिनट तक वह बाथरूम के बाहर इंतजार करती रही, लेकिन गेट नहीं खुला। अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर उन्होंने परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाया। गेट तोडकर अंदर पहुंचे तो राजू फांसी के फंदे पर लटका मिला। परिजन ने उसे नीचे उतारा। तब तक काफी देर हो चुकी थी।



युवती को पकड़कर ले गए थाने

राजू के पिता मन्नू लाल मीणा ने बताया कि बेटे का रत्नागिरी में रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह उनकी जाति की नहीं थी। हमें शादी से कोई आपत्ति नहीं थी। दोनों को समझाया था कि सही उम्र हो जाने पर शादी करा देंगे। उन्होंने बताया कि बेटा उसकी भाभी से सभी बातें शेयर करता था। सुसाइड से एक दिन पहले बेटे ने भाभी को बताया था कि गर्लफ्रेंड गिफ्ट में आईफोन मांग रही है। इससे पहले भी वह बेटे से गिफ्ट ले चुकी है। युवती बेटी को प्रताड़ित कर रही थी। उनका कहना है कि हम लोग युवती को लेकर थाने पहुंचे थे, लेकिन पुलिस ने छोड़ दिया। आनंद नगर चौकी प्रभारी एसआई संतोष रघुवंशी का कहना है कि युवती के खिलाफ ऐसे कोई साक्ष्य नहीं आए कि उसकी गिरफ्तारी की जा सके। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

### भारी खर्च वाली सीसी रोड उखड रहीं लोग परेशान

**भोपाल।** राजधानी में दो प्रमुख इलाकों जेके रोड और कोलार में आरसीसी की दो बड़ी रोड बनने के साथ उखडने लगी है। जेके रोड पर 20 करोड़ और कोलार रोड पर 200 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए जा रहे हैं। दोनों योजनाओं में हाल में ही ट्रैफिक शुरू हुआ है, इसी बीच जेके रोड एक तरफ ही डेढ़ किमी लंबाई में 70 से ज्यादा जगह टूट चुकी है। इसी तरह कोलार गेस्ट हाउस चौराहा से बैंक ऑफ इंडिया तिराहे तक एक तरफ 40 से ज्यादा जगह कोलार रोड टूट चुकी है।कई जगह तो क्रैक 10 रुपए के सिक्के से भी ज्यादा चौड़े हैं। इससे लोगों को गाड़ी चलाते समय झटके महसूस हो रहे हैं। सरफेस एक जैसा नहीं है। दोनों ही सड़कों पर साइनबोर्ड और स्ट्रीट लाइट नहीं लगी है और सेंट्रल वर्ज का काम अधूरा है। जेके रोड पर पूरी सड़क पर धूल बिखरी है तो कोलार रोड पर चूनाभट्‌टी और कोलार चौराहे पर काम अधूरा है।

## किराया अनुबंध में छेड़छाड़ कर खुद को दुकान का मालिक बताकर ठगी की

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित इंडस गार्डन के पास किराएदार ने किराए अनुबंद में छेड़छाड़ कर खुद को दुकान मालिक बताकर असली मालिक से धोखाधड़ी की। पुलिस ने पति-पत्नी और बेटे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। धोखाधड़ी कर हड़पी गई दुकान दो हजार स्क्वायर फीट में है। शाहपुरा पुलिस के मुताबिक, 62 वर्षीय सुरेश कुमार चौकसे बावडिय़ा कलां में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि इंडस गार्डन के पास उनकी करीब दो हजार स्क्वायर फीट में दुकान है। चार साल पहले उन्होंने यह दुकान लोहा व्यापारी विनोद कुमार मंडल को किराए पर दी थी। इसका किराया अनुबंध बनाया था। विनोद उन्हें इसका किराया देता रहा। इस बीच विनोद में इस किराएनामा में छेड़छाड़ कर मालिक की जगह अपना नाम और किराएदार में पत्नी नीलम अग्रवाल का नाम लिख दिया। दुकान में एक अस्थाई मीटर लगा था। इस मीटर के दस्तावेज में उनके बेटे शिवम ने हेरफेर कर नीलम के नाम से गुमास्ता तैयार कराने में मदद की। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी विनोद मंडल, नीलम अग्रवाल और बेटे शिवम अग्रवाल के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।




**पति-पत्नी समेत बेटे पर मामला दर्ज, दो हजार स्क्वायर फीट की दुकान पर कर लिया कब्जा**






**मेट्रो एंकर** चावल खरीदने के बहाने पहुंचे थे बाइक सवार

## व्यापारी से तीन हजार रुपए लूटकर ले गए बदमाश

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित समता नगर भानपुर इलाके में शनिवार शाम बाइक सवार दो बदमाशों ने ठेले पर चावल बेचने वाले दुकानदार के गल्ले से तीन हजार रुपए लूट लिए। आरोपी चावल खरीदने के बहाने फेरीवाले के पास पहुंचे थे।

जैसे ही फरियादी चावल तौलने में व्यस्त हुआ, बदमाशों ने गल्ले में हाथ डालकर रुपए निकाल लिए और बाइक पर सवार होकर भाग निकले। पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार समता नगर कॉलोनी भानपुर निवासी फैजान खां (24) ठेले पर चावल बेचते हैं। शनिवार शाम करीब 6 बजे वह अटल नेहरू नगर रोड पर ठेला लगाकर चावल बेच रहे थे। उसके ठेले पर दो-तीन ग्राहक चावल खरीद रहे थे। इस बीच बाइक से आए दो युवक चावल खरीदने उसके ठेले पर पहुंचे। उनमें से एक ने कहा कि हमें भी चावल दे दो। तब फैजान ने कहा कि ठीक है भाई, इन ग्राहकों को देने के बाद आपको देता हूं। इस बीच फैजान चावल तौलने में व्यस्त हो गया। तभी अचानक मौका मिलते ही एक बदमाश ने ठेले पर रखे गल्ले में हाथ डालकर उसमें रखे रुपए निकाल लिए और दोनों बाइक पर बैठकर फरार हो गए। नजर पड़ते ही फैजान ने शोर मचाकर पीछा किया, लेकिन आरोपी तेजी से बाइक चलाकर भाग निकले। बाद में फैजान ने थाने पहुंचकर अज्ञात बाइक सवार लुटेरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराया।



## इंजीनियरिंग की छात्रा से सहपाठी ने किया दुष्कर्म, ढाई लाख हड़पे

**भोपाल।** अयोध्या नगर पुलिस ने इंजीनियरिंग कॉलेज की छात्रा की शिकायत पर सहपाठी के खिलाफ दुष्कर्म, दैहिक शोषण और पैसे ऐंठने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर दिया, वहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार 23 साल की युवती मूलत- पश्चिम बंगाल की रहने वाली है। उसे हिंदी ठीक से नहीं आती है। उसने बायपास स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में एडमिशन लिया था। कॉलेज में बिहार निवासी गुंजन कुमार उसके साथ पढ़ता था। गुंजन उसे हिंदी सिखाने में मदद करता था। लिहाजा दोनों में दोस्ती हो गई। तीन महीने पहले दोस्ती प्रेम में बदल गई और छात्रा, गुंजन कुमार के साथ एक्सटेंशन की एक कॉलोनी में लिव इन रिलेशन में रहने लगी। आरोपी कुछ दिन अच्छे से रहने के बाद गुंजन उसे प्रताड़ित करने लगा और जरूरत बताकर पैसों की डिमांड करने लगा। छात्रा ने पुलिस को बताया कि करीब ढाई लाख रुपए वह ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करा चुका है। नगदी भी ले चुका है। आरोपी की डिमांड पूरी करने के बाद भी वह छात्रा को लगातार प्रताड़ित कर रहा था। आरोपी की प्रताड़ना से परेशान होकर छात्रा ने पुलिस को शिकायत की थी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022